PLANET NEWS INDIA
हर खबर सच के साथ
Follow us on:/
निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)
01



# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228
(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)
■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ, सोमवार, 21 सितंबर 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

## महाराष्ट्र: इन्फ्लुएंसर के चेहरे पर पोती कालिख, फिर कराई उठक-बैठक; किस बात पर भड़के मनसे कार्यकर्ता?

पुणे में एमएनएस कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर महेश मोटे को पकड़ कर उनके चेहरे पर कालिख पोती गई और सिर पर चप्पल रखकर माफी मंगवाई गई। घटना के बाद महेश मोटे का माफी मांगते हुए वीडियो भी सामने आया है। महाराष्ट्र में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) प्रमुख राज ठाकरे के बारे में विवादित टिप्पणी करने वाले एक इन्फ्लुएंसर का चेहरा काला कर दिया गया। महेश मोटे एक लोकप्रिय मराठी सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर और रील स्टार बताए जाते हैं। वे महाराष्ट्र के रहने वाले हैं और अपने कई वायरल वीडियो और विवादों के कारण चर्चा में रहे हैं।

**क्या है पूरा मामला?**

दरअसल, सोशल मीडिया पर एक रील में महेश मोटे ने राज ठाकरे के बारे में एक बयान दिया, जिससे कार्यकर्ता नाराज हो गए। उन्होंने उन्हें पकड़ा और उनके चेहरे पर काला पेंट पोत दिया। उन्हें एमएनएस शाखा में राज ठाकरे की तस्वीर के सामने झुककर माफी मांगने और सिर पर चप्पल रखकर उठक-बैठक करने के लिए मजबूर किया गया।

**महेश मोटे ने माफी मांगी**

इस घटना के बाद, महेश मोटे का माफी मांगते हुए एक वीडियो भी सामने आया है। महेश ने कहा कि केरल में रहते हुए उन्होंने बहुत आपत्तिजनक वीडियो बनाए थे। वीडियो में महेश ने कहा, 'दोस्तों, मैं सच कह रहा हूं। महाराष्ट्र में रहते हुए राज ठाकरे या हमारी एमएनएस पार्टी के बारे में कभी भी कुछ भी बुरा न कहें।'इसके साथ ही, उन्होंने कहा कि एमएनएस कार्यकर्ताओं ने उनके साथ कोई गुंडागर्दी या बदमाशी नहीं की, बल्कि 'पागल व्यक्ति' की तरह बकवास करके उन्होंने खुद ही एक बड़ी गलती की थी।

**एमएनएस कार्यकर्ताओं ने इन्फ्लुएंसर के साथ क्या किया?**

एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, एमएनएस कार्यकर्ताओं ने न सिर्फ महेश मोटे को पकड़ा और उनके चेहरे पर काली स्याही पोती, बल्कि उनसे माफी की मांग करते हुए राज ठाकरे की तस्वीर के सामने लेटने और सिर पर चप्पल रखने के लिए भी मजबूर किया। माफी मांगते समय महेश मोटे को जोर-जोर से रोते हुए देखा गया।

**एमएनएस सब-डिविजन प्रेसिडेंट ने क्या बताया?**

एमएनएस के हडपसर विधानसभा क्षेत्र के सब-डिविजन प्रेसिडेंट शुभम जगदाले ने बताया कि इन्फ्लुएंसर महेश मोटे ने लगभग 15 दिन पहले एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे के बारे में एक वीडियो में बहुत अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था। इस टिप्पणी के बाद, वह लगभग 15-20 दिनों के लिए केरल चले गए थे।




कल रात, जैसे ही एमएनएस कार्यकर्ताओं को उनके पुणे लौटने और कात्रज इलाके में होने की खबर मिली, वे तुरंत वहां पहुंच गए। उन्हें कात्रज के एक पार्क से पकड़ा गया और एमएनएस के जनसंपर्क कार्यालय लाया गया। शुभम जगदाले ने कहा, 'महेश को एमएनएस के खास अंदाज में ऑफिस में 'महाप्रसाद' दिया गया।' जगदाले ने चेतावनी दी, 'अगर कोई महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष, राज साहब ठाकरे पर ऐसी टिप्पणी करता है, तो एमएनएस निश्चित रूप से उसे उसी अंदाज में जवाब देगी।'

## छठवीं बार: मोबाइल टावर पर चढ़ा राजू, वहीं सोया, बोला- बेटी और पत्नी को खाना देने से पुलिस वालों ने रोका



दो साल पहले अभद्रता के आरोप में संविदा समाप्त होने के बाद से वह विरोध कर रहा है, इससे पहले 8 सितंबर को इसी टावर पर और लखनऊ में भी टावर पर चढ़ चुका है। नौकरी की मांग को लेकर बर्खास्त रोडवेज संविदा चालक राजू सैनी रविवार को फिर मोबाइल टावर पर चढ़ गया। सुबह करीब 9:30 बजे वह अलीगढ़ के क्वार्सी चौराहे के टावर पर चढ़ा। उसे नीचे उतारने के लिए पुलिस और दमकल कर्मियों ने करीब 14 घंटे तक समझाया। वह अपनी मांग पर अड़ा रहा। रात करीब 11 बजे तक वह टावर से नीचे नहीं उतरा। उसने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग की। राजू सैनी इससे पहले आठ सितंबर को भी इसी टावर पर चढ़ा था। इसके अलावा लखनऊ के गोमतीनगर स्थित अवध डिपो में दो बार और बुद्ध विहार डिपो में भी वह टावर पर चढ़ चुका है। अतरौली से लखनऊ तक कई जगह इस तरह विरोध कर चुका राजू रविवार को छठवीं बार टावर पर चढ़ा।

**राजू बोला- बेटी और पत्नी को खाना देने से पुलिस वालों ने रोका**

राजू बोला- बेटी और पत्नी को खाना देने से पुलिस वालों ने रोका राजू सैनी का आरोप है कि कैंसर पीड़ित पत्नी भावना सैनी और 15 साल की बेटी खुशबू उसे घर से खाना देने पहुंची थी लेकिन टावर के पास मौजूद पुलिसकर्मियों ने उस तक खाना नहीं आने दिया। बोला कि इसे भूखा मरने दो। हालांकि राजू ने बताया कि दमकल कर्मियों ने पानी की एक बोतल जरूर उसे उपलब्ध कराई है। जो पूरे दिन में खत्म हो गई। अब उसे बहुत प्यास लग रही है। पिछले 24 घंटे से उसने खाना भी नहीं खाया है। भले ही भूखा, प्यासा मरना पड़े, लेकिन वह अपनी मांगों से पीछे नहीं हटेगा।

**दो साल से नौकरी बहाली की मांग**

क्वार्सी क्षेत्र के रावण टीला निवासी राजू सैनी रोडवेज में संविदा चालक था। करीब दो वर्ष पहले अभद्रता के आरोप में उसकी संविदा समाप्त कर दी गई थी। तभी से वह नौकरी बहाल करने की मांग कर रहा है। रविवार को वह ड्राइवर जनता पार्टी (डीजेपी) का बैनर लेकर टावर पर चढ़ा। राजू का आरोप है कि उसकी संविदा गलत तरीके से समाप्त की गई। उसने रोडवेज चालकों के आर्थिक और मानसिक शोषण का भी आरोप लगाया। उसका कहना है कि कर्मचारियों की समस्याओं की सुनवाई नहीं होती।

**दिनभर जुटी रही पुलिस और दमकल**

राजू के टावर पर चढ़ने की सूचना मिलते ही क्वार्सी पुलिस और दमकल की टीमें मौके पर पहुंच गईं। पुलिस ने उसे नीचे उतारने के लिए कई बार बातचीत की। वह नौकरी बहाली के साथ कोल विधायक अनिल पाराशर, बरौली विधायक ठाकुर जयवीर सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग करता रहा।

एहतियात के तौर पर तालानगरी से दमकल की गाड़ी भेजी गई। वैकल्पिक व्यवस्था के लिए हाथरस से भी दमकल की गाड़ी मंगाई गई। वह करीब दोपहर एक बजे अलीगढ़ पहुंची। इसी दौरान हरदुआगंज में आग लगने की सूचना पर तालानगरी की दमकल को वहां भेजना पड़ा। टीम शाम करीब पांच बजे वापस लौटी। बाद में हाथरस से आई दमकल को दाऊजी मेले की सुरक्षा के लिए रवाना कर दिया गया। दोनों दमकल गाड़ियों में करीब 12 कर्मचारी तैनात रहे। एलआईयू की टीम भी मौके पर मौजूद रही। सीओ सिविल लाइंस सर्वम सिंह ने बताया कि राजू सैनी को काफी समझाया गया है। वह अपनी मांग पर अड़ा हुआ है। उससे बातचीत जारी है।

**मुख्यालय भेजा गया नियुक्ति का पत्र**

क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज सत्येंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि राजू सैनी को गार्ड की नौकरी देने के संबंध में मुख्यालय को पत्र भेजा गया है। वहां से अनुमोदन मिलने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू होगी। नियुक्ति पत्र के संबंध में मुख्यालय से चार-पांच दिन का समय लगने की बात कही गई है। इसी वजह से नियुक्ति पत्र जारी होने में देरी हो रही है।

## Aligarh News: अश्लील फोटो दिखाकर महिला ब्लैकमेल कर 3.20 लाख ठगे



थाना देहलीगेट क्षेत्र की एक महिला को वीडियो कॉल के जरिए ब्लैकमेल कर 3.20 लाख रुपये की साइबर ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि वीडियो कॉल करने वाले व्यक्ति ने महिला को उसकी आपत्तिजनक फोटो दिखाकर ब्लैकमेल किया और पति व बच्चों को जान से मरवाने की धमकी दी। डर के कारण महिला ने पांच से आठ सितंबर के बीच आरोपी के बताए अलग-अलग क्यूआर कोड और बैंक खातों में कुल 3.20 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पांच सितंबर की सुबह करीब नौ बजे उसके मोबाइल पर एक नंबर से वीडियो कॉल आई। कॉल उठाने के कुछ समय बाद आरोपी ने उसकी आपत्तिजनक फोटो दिखाकर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। इसके बाद पति और बच्चों को जान से मरवाने की धमकी दी और रुपयों की मांग की। धमकी और डर के कारण महिला ने खुद और अन्य लोगों के माध्यम से आरोपी के बताए खातों में कुल 3.20 लाख रुपये ट्रांसफर करा दिए। महिला के मुताबिक उसके पास आरोपी के मोबाइल और व्हाट्सएप नंबर, क्यूआर कोड, बैंक खातों की जानकारी, भुगतान के स्क्रीनशॉट और यूटीआर नंबर मौजूद हैं। ये दस्तावेज साक्ष्य के तौर पर पुलिस को उपलब्ध कराएं हैं। सीओ प्रथम संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## Aligarh News: दस हजार का इनामी लूट का आरोपी गिरफ्तार

थाना रोरावर पुलिस ने लूट के मामले में 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी सलमान को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से लूट की घटना से संबंधित 1830 रुपये बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ अलीगढ़ समेत अलग-अलग जिलों में सात मुकदमे दर्ज हैं। सीओ प्रथम संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि तीन जुलाई को एक महिला से कुंडल और रुपये लूटने के मामले में रोरावर थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। जांच के दौरान आरोपी की पहचान सलमान निवासी ठंडा नाला, गुलरभोज, कोपा कृपाली, थाना गदरपुर, जिला ऊधमसिंह नगर (उत्तराखंड) के रूप में हुई। पुलिस ने उस पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। रविवार को पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। सीओ के अनुसार, सलमान के खिलाफ रोरावर थाने के अलावा लखीमपुर खीरी, लखनऊ, बुलंदशहर, फर्रुखाबाद और हरदोई में चोरी, धोखाधड़ी, लूट, आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में सात मुकदमे दर्ज हैं।



## Aligarh News: देवछठ मेले में बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



**खैर रोड स्थित सिद्धपीठ श्री खेरेश्वर धाम मंदिर परिसर में आयोजित देवछठ मेले के चौथे दिन रविवार को बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम और कृष्ण लीला रासलीला का आयोजन हुआ। 50 से अधिक बच्चों ने विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। पूर्व अध्यक्ष सत्यपाल सिंह और कालू राघव ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समिति पदाधिकारियों ने प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। शाम को आदर्श श्री गिरिराज कृष्ण प्रेम संस्थान, मथुरा के कलाकारों ने माखन चोर लीला का मंचन किया। इसके बाद रसिया दंगल में सत्तो शर्मा-उमेश शर्मा अतरौली और मुकेश शर्मा खिचो, हाथरस के अखाड़ों के बीच मुकाबला हुआ।**

# भारत का वैश्विक निर्यात 317 अरब डॉलर, 15 फीसदी का उछाल

## यूपी की इस सीट से उतरने की चर्चाएं

भारतीय क्रिकेट के तेज गेंदबाज और अमरोहा के सहसपुर अलीनगर निवासी मोहम्मद शमी ने रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी से मुलाकात की है। उसके बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सियासत में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। शमी के 2027 के विधानसभा चुनाव में राजनीतिक पदार्पण को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी से क्रिकेटर मोहम्मद शमी की मुलाकात ने अमरोहा में सियासी हलचल बढ़ा दी है। इस मुलाकात की तस्वीर जयंत चौधरी ने फेसबुक पर पोस्ट की है। इसके बाद सियासी पिच पर तेज गेंदबाज शमी के बाउंसर फेंकने के कयास शुरू हो गए हैं। उनके राजनीति में उतरने की चर्चाएं तेज हो गई हैं।सोशल मीडिया पर पिछले कुछ दिनों से अमरोहा के सहसपुर अलीनगर के रहने वाले क्रिकेटर मोहम्मद शमी या उनके परिवार के किसी सदस्य के सियासत में उतरने की चर्चाएं चल रही हैं।रविवार को दिल्ली में मोहम्मद शमी ने रालोद प्रमुख जयंत चौधरी से मुलाकात करके इस चर्चा को और हवा दे दी है। इससे अमरोहा ही नहीं बल्कि मंडल की सियासत में हलचल तेज हो गई है। जयंत चौधरी ने फेसबुक पर तस्वीर साझा करते हुए मोहम्मद शमी जैसे महान क्रिकेटर से मिलना एक सुखद अनुभव बताया है।







दूसरी ओर टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी करीब 17 महीने से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर हैं। उन्होंने आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच नौ मार्च 2025 को चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था।

इंग्लैंड और श्रीलंका दौरे पर भी उन्हें टीम में जगह नहीं मिली। ऐसे में जयंत चौधरी से मुलाकात के बाद उनके सियासत में उतरने की चर्चाओं को और बल मिला है। फिलहाल क्रिकेटर शमी के चुनाव लड़ने के सवाल पर उनके परिवार और रालोद के नेताओं ने चुप्पी साध रखी है।

रालोद के अमरोहा जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी ने बताया कि क्रिकेटर मोहम्मद शमी की राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी से मुलाकात किस उद्देश्य से हुई है, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है।क्रिकेटर मोहम्मद शमी तुर्क बिरादरी से आते हैं। अमरोहा विधानसभा क्षेत्र में तुर्क बिरादरी का खासा दबदबा है। जोया इलाके को तुर्किस्तान कहा जाता है। ऐसे में अमरोहा सीट से वह सपा विधायक महबूब अली का काट हो सकते हैं। मोहम्मद शमी भाजपा गठबंधन के लिए विकल्प बन सकते हैं। इसका फायदा एनडीए को मंडल की दूसरी सीटों पर भी मिल सकता है।

## यूपी में 30 लाख का इनामी नक्सली ढेर: सीने में लगी दो गोलियां, बृजेश गंझू का 20 साल से था आतंक; इनसाइड स्टोरी




एटीएस के मुताबिक, यूपी में पहली बार 30 लाख रुपये का इनामी नक्सली कमांडर मुठभेड़ में मारा गया है। उधर, फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। झारखंड के चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र के सोहवन लुट्टू गांव निवासी बृजेश गंझू का झारखंड में 20 साल से आतंक था। डीजीपी ने एटीएस की टीम को दो लाख रुपये का पुरस्कार देने का एलान किया है। एटीएस वाराणसी यूनिट के पुलिस उपाधीक्षक विपिन राय को सूचना मिली कि सोनभद्र-मिर्जापुर के रास्ते झारखंड का दुर्दांत नक्सली अपने साथियों के साथ वाराणसी सीमा में प्रवेश करने वाला है। इस सूचना के आधार पर एटीएस कमांडो के साथ डिप्टी एसपी ने रविवार की तड़के रामनगर थाना क्षेत्र में घेराबंदी शुरू कर दी। टेंगरा मोड़ से मुगलसराय जाने वाली सड़क पर रामनगर लंका मैदान के पास एक बाइक पर सवार दो युवकों को नजदीक आता देख एटीएस की टीम ने रुकने का इशारा किया। इस पर पीछे बैठे युवक ने फायरिंग शुरू कर दी। पिस्टल से निकली गोली डिप्टी एसपी विपिन राय और हेड कांस्टेबल नितेंद्र कृष्ण के बुलेट प्रूफ जैकेट में सीने के पास जा लगी। जवाबी फायरिंग में पीछे बैठा बाइक सवार बदमाश घायल हो गया। डिप्टी एसपी विपिन राय के अनुसार बृजेश गंझू के ऊपर हत्या, हत्या के प्रयास, रंगदारी, अपहरण समेत 44 आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके पास से .32बोर के दो पिस्टल, भारी मात्रा में कारतूस, कार्बाइन, एक लाख नकदी बरामद हुई है।छह महीने के भीतर वाराणसी और आजमगढ़ में एटीएस की तीसरी बड़ी कार्रवाई

यूपी एटीएस ने आजमगढ़ और वाराणसी में छह महीने के भीतर तीसरी बड़ी कार्रवाई की है। रविवार की तड़के जहां वाराणसी के रामनगर थाना क्षेत्र में मुठभेड़ के दौरान नक्सली कमांडर बृजेश उर्फ गोपाल सिंह भोक्ता को मार गिराया गया, वहीं, सितंबर के पहले सप्ताह में आजमगढ़ के दीदारगंज थाना क्षेत्र के चितारा महमूदपुर गांव निवासी मोहम्मद नबील को गिरफ्तार किया गया था।

यूपी में पहली बार मुठभेड़ में 30 लाख का इनामी नक्सली कमांडर मारा गया है। यूपी एटीएस और नक्सली कमांडर के बीच वाराणसी के रामनगर लंका मैदान के पास मुठभेड़ हुई है। नक्सली का साथी भाग निकला। नक्सली बृजेश के खिलाफ 44 मामले दर्ज थे। 20 साल से आतंक था। नक्सली के पास से दो पिस्टल, एक कार्बाइन, भारी मात्रा में कारतूस और एक लाख नकदी बरामद हुई है। इस बीच उसका साथी बाइक से भाग निकला। मुठभेड़ में एटीएस वाराणसी यूनिट के डिप्टी एसपी विपिन राय और हेड कांस्टेबल नितेंद्र कृष्ण के बुलेट प्रूफ जैकेट में दो गोली लगी थी लेकिन कोई नुकसान नहीं पहुंचा। बाइक चलाने वाला हाईवे की ओर भाग निकला। घायल को रामनगर राजकीय अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मारे गए बदमाश की पहचान दुर्दांत नक्सली बृजेश गंझू उर्फ गोपाल सिंह भोक्ता उर्फ सरदार, उर्फ तुषार, उर्फ रंजन, उर्फ फूलचंद उर्फ दुलारचंद के रूप में हुई है। एटीएस के साथ मुठभेड़ में मारे गए नक्सली बृजेश गंझू के सीने में दो गोलियां लगी थीं। एक गोली दाएं और दूसरी बाएं तरफ सीने में लगी थी। डॉक्टरों की टीम ने रविवार की देरात ही शिवपुर स्थित पोस्टमार्टम हाउस में उसके शव का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी भी कराई गई है। एटीएस के मुताबिक, नक्सली के सीने में दो गोलियां लगी थीं। उसके छोटे भाई सुरेश कुमार को वाराणसी बुलाया गया है।

## यूपी: इंटरनेट-मोबाइल में आगे, बैंकिंग में पीछे लखनऊ की महिलाएं; नंबर एक वाला जिला आपको चौंका देगा

लखनऊ की महिलाएं इंटरनेट-मोबाइल में तो आगे हैं, लेकिन बैंकिंग में पीछे हैं। बैंक खाता इस्तेमाल करने के मामले में लखनऊ का 52वां स्थान हैं। वहीं बैंकिंग में जिस जिले की महिलाएं नंबर एक पर हैं, उस जिले का नाम आपको चौंका देगा। आगे पढ़ें पूरी खबर...राजधानी लखनऊ की महिलाएं प्रदेश के मुकाबले इंटरनेट और मोबाइल का इस्तेमाल करने के मामले में आगे हैं, मगर बैंकिंग के मामले में स्थिति अच्छी नहीं है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-6 (एनएफएचएस-6) के अनुसार, इंटरनेट का इस्तेमाल करने के मामले में लखनऊ की महिलाओं का छठा और मोबाइल में पांचवां स्थान है। वहीं, बैंक खाते का इस्तेमाल करने के मामले में प्रदेश में 52वें स्थान पर हैं।सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार, लखनऊ में 15 से 49 वर्ष की 79.9 फीसदी महिलाएं इंटरनेट का इस्तेमाल कर चुकी हैं। पांच साल पहले यह आंकड़ा 45.7 फीसदी था। इसी तरह 66.7 फीसदी महिलाओं के पास उनका खुद का मोबाइल फोन है, जिसका इस्तेमाल वे खुद करती हैं। अपने इस्तेमाल का बैंक या बचत खाता रखने वाली महिलाओं का अनुपात 81.6 फीसदी है। खुद इस्तेमाल करने वाले बैंक खाते के मामले में लखनऊ का आंकड़ा प्रदेश के औसत 83.5 फीसदी से 1.9 प्रतिशत अंक कम है।



**योजनाओं का लाभ भी बड़ी वजह**

लखनऊ विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग के प्रोफेसर डॉ. पवन मिश्रा के अनुसार, पिछड़े जनपदों में भी महिलाओं के बैंक खाते के ज्यादा इस्तेमाल के पीछे जागरुकता के साथ ही योजनाओं का लाभ लेना भी बड़ी वजह है। इस समय सभी योजनाओं के लिए बैंक खाता अनिवार्य है। इसलिए बैंक खाता जरूर खोला जाता है। संभवत: इसी वजह से अंबेडकरनगर जनपद पूरे प्रदेश में बैंक खाते के मामले में अव्वल है।

## दिल्ली में फिर हैवानियत: स्टेशनरी खरीदने निकली नाबालिग से दरिंदगी, पड़ोसी ने हाथ-पैर बांधकर किया दुष्कर्म




**राजधानी दिल्ली एक बार फिर शर्मसार हुई है। सदर बाजार इलाके में एक नाबालिग लड़की को बंधक बनाकर दुष्कर्म किया गया। दिल्ली पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो और बंधक बनाने का मुकदमा दर्ज करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है**

राजधानी दिल्ली एक बार फिर शर्मसार हुई है। सदर बाजार इलाके में एक नाबालिग लड़की को बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। फिलहाल, दिल्ली पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो और बंधक बनाने का मुकदमा दर्ज करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**सदर बाजार में नाबालिग लड़की से हैवानियत**

सदर बाजार की घटना 16 सितंबर की रात को हुई। दिल्ली पुलिस को नाबालिग लड़की के यौन उत्पीड़न की पीसीआर कॉल मिली थी। सदर बाजार थाने की टीम और संबंधित एसीपी तुरंत मौके पर पहुंचे। जांच में पता चला कि रात करीब 11 बजे पीड़िता स्टेशनरी खरीदने निकली थी। पड़ोस की दुकान में मौजूद 56 वर्षीय मकसूद ने उसे बहला-फुसलाकर दुकान के अंदर बुलाया। उसने नाबालिग के हाथ-पैर बांधकर यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म, पॉक्सो और बंधक बनाने का मुकदमा दर्ज किया। आरोपी मकसूद को उसी दिन गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उत्तरी जिले का महिला थाना इस मामले को संवेदनशीलता से संभाल रहा है। यह थाना महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर तेजी से कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है।

**चार आरोपी गिरफ्तार**

जांच में पता चला कि इस वारदात को चार लोगों ने अंजाम दिया था। इनमें तीन नाबालिग आरोपी शामिल थे। पुलिस के अनुसार, पीड़िता आरोपियों को जानती थी और उनके साथ टेंपो में सफर कर रही थी। सफर के दौरान सभी ने शराब पी और लड़की से दुष्कर्म किया। इसके बाद चाकू से गोदकर उसकी बर्बरता से हत्या कर दी गई थी। आरोपियों ने शव को खुले इलाके में फेंक दिया था।

**स्वरूप नगर में हुई थी बर्बर हत्या**

इससे पहले, 13 सितंबर को उत्तरी दिल्ली के स्वरूप नगर में एक और जघन्य अपराध सामने आया। कुशक रोड पर जयपाल राणा के खेत के पास एक सड़ी-गली लाश मिली थी। पुलिस शुरू में शव की पहचान नहीं कर पाई थी। बाद में पीड़िता की पहचान 17 साल की लड़की के रूप में हुई।

## यूजीसी रोलबैक: एक्सप्रेसवे पर पथराव, पुलिस से हुई बड़ी चूक; आगरा बवाल की ये 10 तस्वीरें हिला देंगी दिमाग




यूजीसी के नए नियमों के विरोध में निकले ट्रैक्टर मार्च को रोकने के लिए पुलिस ने तीन स्तर की सुरक्षा लगाई थी, लेकिन प्रदर्शनकारी बैरिकेडिंग तोड़कर एक्सप्रेसवे तक पहुंच गए। नाई की सराय में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच फिर टकराव हुआ, जहां पथराव और लाठीचार्ज के बाद हालात तनावपूर्ण हो गए।यूजीसी के नए नियमों के विरोध में रविवार को खंदौली के गांव मुड़ी से निकले ट्रैक्टर मार्च के दौरान जमकर बवाल हुआ। करीब एक हजार प्रदर्शनकारियों ने पुलिस बैरिकेडिंग तोड़कर यमुना एक्सप्रेसवे को करीब 45 मिनट तक ठप रखा। पुलिस से झड़प और पथराव भी हुआ। वहीं नीम का सराय में पुलिस पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश करने से वहां कुछ देर के लिए दहशत का माहौल रहा।प्रदर्शनकारी सुबह करीब 11:30 बजे मुड़ी चौराहे से 300 से अधिक ट्रैक्टरों के साथ कलेक्ट्रेट का घेराव करने निकले। पुलिस और पीएसी पहले से ही तैनात थी। प्रदर्शनकारी दो किलोमीटर दूर नादऊ में यमुना एक्सप्रेसवे पुल के नीचे तक पहुंच गए। यहां पुलिस-प्रशासन ने हाइड्रा और जेसीबी से रास्ता बंद कर रखा था। इससे प्रदर्शनकारी भड़क गए और पुलिस से धक्का-मुक्की की। उन्होंने बैरिकेडिंग उखाड़ दी और खेतों के रास्ते 12:30 बजे एक्सप्रेसवे पर पहुंच गए। उन्होंने अपने ट्रैक्टर और वाहनों को आड़ा-तिरछा खड़ाकर यातायात बाधित कर दिया। करीब 45 मिनट तक यातायात ठप होने से लंबा जाम लगा। तकरीबन दोपहर सवा बजे पुलिस और प्रदर्शनकारी नेताओं ने समझा-बुझाकर युवाओं को एक्सप्रेसवे से नीचे उतारा।दोपहर डेढ़ बजे एक्सप्रेसवे से नीचे उतरने के बाद करीब एक दर्जन ट्रैक्टरों पर सवार प्रदर्शनकारी फिर से शहर की ओर बढ़ने लगे। नाई की सराय पर पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मियों पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश की। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने लाठियां चलाकर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ दिया। इस दौरान कुछ लोगों ने पथराव भी किया। इससे अफरातफरी मच गई। पथराव में सड़क से गुजर रहे एक कंटेनर के शीशे टूट गए। लाठीचार्ज में खंदौली के आविदगढ़ निवासी सचिन के पैर में चोट आई। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आधा घंटे में स्थिति पर नियंत्रण पाया। दोपहर में 3 बजे पुलिस आयुक्त दीपक कुमार भी फोर्स के साथ पहुंचे। इसे लेकर देर तक गहमागहमी रही। बाद में वरिष्ठ नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने युवाओं को समझाकर शांत कराया। इसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

# गणना का नया फॉर्मूला: ईएसआईसी में वेतन की परिभाषा बदली, देश के लाखों कर्मचारियों को होगा सीधा फायदा




देश के लाखों कर्मचारियों के लिए खुशखबरी है। दरअसल ईएसआईसी ने वेतन की गणना की परिभाषा बदली है, जिसका असर से ज्यादा कर्मचारी राज्य बीमा के दायरे में आ सकेंगे। आइए जानते हैं कि अब किस आधार पर होगी वेतन की गणना। कर्मचारियों के वेतन की गणना को लेकर तस्वीर और साफ हो गई है। सामाजिक सुरक्षा संहिता के तहत लागू नई व्यवस्था में वेतन का बड़ा हिस्सा अलग-अलग भत्तों के नाम पर बाहर नहीं रखा जा सकेगा। अगर वेतन से बाहर रखी गई भत्तों की रकम कुल पारिश्रमिक के 50 फीसदी से अधिक है, तो 50 फीसदी से ऊपर की रकम को भी वेतन में जोड़कर माना जाएगा। इसका असर कर्मचारी राज्य बीमा यानी ईएसआई के दायरे पर पड़ेगा।

**50 फीसदी से अधिक भत्ते की रकम तो वेतन में जुड़ेगी**

नई गणना का फायदा देश के लाखों कर्मचारियों को मिल सकता है। नई व्यवस्था के प्रभावी होने की स्थिति भी साफ हो गई है। ईएसआईसी के डीजी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि 21 नवंबर 2025 से ही सामाजिक सुरक्षा संहिता की धारा 2(88) के तहत नई वेतन परिभाषा लागू हो गई है। जबकि इसे आठ मई 2026 को गजट जारी होने की तारीख से प्रभावी माना जाएगा। निगम ने इसको लेकर नियोक्ताओं को नई वेतन परिभाषा के आधार पर कर्मचारियों की ईएसआई कवरेज की गणना करने को कहा।

**नई परिभाषा से कैसे होगी गणना?**

मान लीजिए, किसी कर्मचारी को हर महीने 20 हजार रुपये मिलते हैं। उसमें मूल वेतन 8 हजार रुपये है। इसके अलावा मकान किराया और दूसरे भत्ते 12 हजार रुपये दिए जाते हैं। इस तरह से कुल भुगतान 20 हजार रुपये हो गया। मतलब भत्ते के रूप में वेतन से बाहर भुगतान 12 हजार रुपये हैं। अब 20 हजार रुपये का आधा यानी 10 हजार रुपये है। यानी 10 हजार की सीमा से 2 हजार रुपये ज्यादा। नए वेतन परिभाषा के तहत यही अतिरिक्त 2 हजार रुपये का भत्ता भी वेतन में जोड़ा जाएगा। इस तरह ईएसआई की गणना के लिए वेतन सिर्फ 8 हजार रुपये नहीं माना जाएगा। उसमें अतिरिक्त 2 हजार रुपये जुड़ेंगे और 10 हजार रुपये वेतन माना जाएगा।

# बंगलूरू: पॉक्सो के आरोपी शिक्षक ने तीसरी मंजिल से लगाई छलांग, सीसीटीवी में कैद हुई घटना; क्या बोली पुलिस?

बंगलूरू दक्षिण जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में पॉक्सो मामले के आरोपी शिक्षक की मौत हो गई। 49 वर्षीय शशिधर को स्कूल के कई बच्चों के यौन शोषण के आरोप में शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। रविवार को उसे एसपी कार्यालय लाया गया था, यहां उसने एक कांस्टेबल को कथित तौर पर धक्का दिया और तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। कर्नाटक के बंगलूरू में बच्चों के यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार 49 वर्षीय शिक्षक की पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर की तीसरी मंजिल से गिरने के बाद मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान विजयनगर जिले के रहने वाले शशिधर के रूप में हुई है। वह चन्नापटना तालुक के एक निजी स्कूल में शारीरिक शिक्षा शिक्षक के तौर पर काम करता था। पुलिस के मुताबिक, घटना रविवार को रामनगर स्थित बंगलूरू दक्षिण जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में हुई। घटना का एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। इसमें आरोपी एक कांस्टेबल को धक्का देकर रेलिंग की ओर भागता और तीसरी मंजिल से नीचे कूदता दिखाई दे रहा है।




**न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी में जुटी थी पुलिस**

पुलिस ने बताया कि स्कूल में कई बच्चों के यौन शोषण के आरोप में मिली शिकायत के बाद आरोपी को शनिवार शाम गिरफ्तार किया गया था। शिकायत के आधार पर उसके खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम यानी पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आरोपी का सरकारी अस्पताल में चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया था। इसके बाद रविवार को आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए उसे पुलिस अधीक्षक कार्यालय लाया गया था। यहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जाना था।

**आरोपी तीसरी मंजिल पर कैसे पहुंचा?**

अधिकारी के मुताबिक, आरोपी को भवन की तीसरी मंजिल पर स्थित मेजरमेंट कलेक्शन यूनिट में फिंगरप्रिंट दर्ज कराने के लिए ले जाया गया था। प्रक्रिया पूरी होने के बाद उसे पुलिस वाहन की ओर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान उसने साथ मौजूद एक कांस्टेबल को कथित तौर पर धक्का दिया और भवन की तीसरी मंजिल से नीचे कूद गया।

पुलिस के अनुसार, गिरने से शिक्षक को गंभीर चोटें आईं। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां बाद में उसकी मौत हो गई। मामले में आगे की जांच जारी है।

# आईआईटी बॉम्बे छात्र खुदकुशी मामला: छात्रों की 18 मांगों पर बोर्ड में आज सुनवाई, मांगपत्र में क्या-क्या शामिल?

आईआईटी बॉम्बे में छात्र की मौत के बाद जारी प्रदर्शन के बीच संस्थान प्रशासन ने छात्रों की 18 सूत्री मांगों पर आगे बढ़ने की सहमति दी है। निदेशक प्रोफेसर शिरीष केदारे ने मांगपत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। छात्रों की मांगों पर आज आईआईटी बॉम्बे का बोर्ड सुनवाई करेगा। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे यानी आईआईटी बॉम्बे में छात्र की आत्महत्या के बाद प्रदर्शन कर रहे छात्रों और संस्थान प्रशासन के बीच गतिरोध सोमवार को नए चरण में पहुंच गया। आईआईटी परिसर में छात्र की आत्महत्या के तीन दिन बाद भी प्रदर्शनकारी छात्र अपनी मांगों पर कायम रहे। संस्थान ने छात्रों की मांगों और उठाए गए मुद्दों पर चर्चा के लिए सोमवार को अपने बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की विशेष बैठक बुलाई है। बैठक के बाद संस्थान के निदेशक प्रोफेसर शिरीष केदारे छात्रों के साथ टाउन हॉल बैठक करेंगे। यह बैठक रविवार को छात्रों के साथ हुई उनकी चर्चा के आगे की प्रक्रिया के तौर पर होगी।




**आईआईटी बॉम्बे में आज क्यों नहीं होंगे लेक्चर?**

रविवार को छात्रों के साथ लंबी बैठक के बाद केदारे ने छात्रों की ओर से सौंपे गए 18 से अधिक मांगों वाले चार्टर को स्वीकार किया और उस पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने छात्रों को भरोसा दिलाया कि संस्थान इन मांगों पर विचार करेगा। सोमवार को सभी लेक्चर रद्द रहेंगे। छात्रों ने यह मांगपत्र परिसर के मुख्य द्वार के पास तीन दिनों से चल रहे धरने के दौरान सौंपा था। यह मांगपत्र उस छात्र की मौत के बाद सामने आया, जिसे परीक्षा में कथित तौर पर नकल करते हुए पकड़े जाने की बात कही गई थी।

**छात्रों की मांगों पर आज होगी बैठक**

18 सूत्री मांगपत्र में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई, छात्र की मौत की परिस्थितियों की स्वतंत्र जांच, संस्थान प्रशासन की जवाबदेही बढ़ाने और छात्र कल्याण, मानसिक स्वास्थ्य तथा अनुशासनात्मक प्रक्रियाओं में सुधार की मांग की गई है। मीडिया रिपोर्टों में बैठक से जुड़ी जानकारी के हवाले से बताया गया कि केदारे ने छात्रों की सभी 18 मांगों को स्वीकार करते हुए दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए।

- क्या हैं छात्रों की प्रमुख मांगें?जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई: छात्रों ने प्रोफेसर सूर्यानारायण दूल्ला को तत्काल निलंबित करने और जांच पूरी होने के बाद दोषी पाए जाने वाले किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति को पद से हटाने की मांग की है।
- बदनाम करने को लेकर सार्वजनिक माफी: छात्रों ने छात्र के बारे में लिंक्डइन पर की गई पोस्ट में आंशिक और स्पष्ट जानकारी साझा किए जाने को उसकी "बदनामी" बताया। उन्होंने आईआईटी बॉम्बे से इसके लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है।
- जिम्मेदार अधिकारियों के साथ ओपन हाउस: छात्रों ने निदेशक, डीन एसए, डीन एपी और मृत छात्र के विभागाध्यक्ष के साथ ओपन हाउस आयोजित करने की मांग की है। इसमें छात्र सीधे अपने सवाल और चिंताएं रख सकेंगे। छात्रों ने यह बैठक 22 सितंबर से पहले कराने की मांग की है।
- मांगों के क्रियान्वयन की जवाबदेही: छात्रों ने मांग की है कि यदि तय मांगों को एक महीने के भीतर लागू नहीं किया जाता है तो निदेशक, डीन एपी और डीन एसए को इस्तीफा देना चाहिए। छात्रों ने मांगों की प्रगति पर हर सप्ताह अपडेट देने की भी मांग की है।
- स्वतंत्र जांच समिति: छात्रों ने प्रोफेसरों, छात्र प्रतिनिधियों, बाहरी सदस्यों और छात्र प्रतिनिधियों की ओर से सुझाए गए सदस्यों वाली स्वतंत्र समिति बनाने की मांग की है। यह समिति छात्र की मौत से जुड़ी परिस्थितियों, आपातकालीन प्रतिक्रिया और अस्पताल में मिली सहायता समेत अन्य पहलुओं की जांच करेगी।
- अंतरिम और अंतिम रिपोर्ट: छात्रों ने 30 सितंबर तक अंतरिम रिपोर्ट और 15 अक्टूबर तक अंतिम रिपोर्ट जारी करने की मांग की है।
- आर्थिक सहायता: छात्रों ने हाल के महीनों में आईआईटी बॉम्बे में अपने प्रियजनों को खोने वाले चार लोगों के परिवारों को उचित और जल्द वित्तीय सहायता देने की मांग की है। इसके साथ ही संस्थान की ओर से लगातार सहयोग देने की भी मांग की गई है।

**छात्र के आत्महत्या मामले की क्राइम ब्रांच कर रही जांच**

मुंबई क्राइम ब्रांच ने आईआईटी बॉम्बे के 22 वर्षीय छात्र की कथित आत्महत्या की जांच अपने हाथ में ले ली है। रिपोर्ट के मुताबिक, क्राइम ब्रांच प्रोफेसर सूर्यानारायण दूल्ला और अन्य लोगों को पूछताछ के लिए बुला सकती है। मामले में प्रोफेसर दूल्ला को आरोपी बनाया गया है। पवई पुलिस ने छात्र के माता-पिता की शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की है।

**क्या है छात्र की आत्महत्या से जुड़ा मामला?**

छात्र बीती 18 सितंबर की शाम अपने हॉस्टल के कमरे में मृत मिला था। इससे कुछ घंटे पहले उसे मिड-सेमेस्टर परीक्षा के दौरान कथित तौर पर मोबाइल फोन और चैटजीपीटी का इस्तेमाल करते हुए पकड़ा गया था। आईआईटी बॉम्बे ने कहा था कि छात्र ने कथित तौर पर परीक्षा के प्रश्नपत्र की तस्वीर चैटजीपीटी पर अपलोड कर जवाब मांगे थे। हालांकि, संस्थान के अनुसार, उसके खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू नहीं की गई थी। संस्थान ने कहा था कि परीक्षा में मौजूद शिक्षक और विभागाध्यक्ष ने छात्र से बातचीत की थी और उसे भरोसा दिलाया था कि इस घटना से उसके शैक्षणिक करियर पर प्रतिकूल असर नहीं पड़ेगा।

**आईआईटी बॉम्बे फैकल्टी फोरम ने प्रोफेसर का किया समर्थन**

आईआईटी बॉम्बे फैकल्टी फोरम ने प्रोफेसर सूर्यानारायण दूल्ला के प्रति समर्थन जताया है। फोरम ने कहा कि परीक्षा के दौरान स्मार्टफोन के कथित अनधिकृत इस्तेमाल की सूचना देते समय प्रोफेसर संस्थान की तय प्रक्रिया का पालन कर रहे थे। फोरम के अनुसार, दूल्ला मिड-सेमेस्टर परीक्षा की निगरानी कर रहे थे और उन्होंने कथित अकादमिक अनियमितता की जानकारी आगे की कार्रवाई के लिए संस्थान के अधिकारियों को दी थी। फैकल्टी फोरम ने दूल्ला की प्रतिष्ठा को "खराब किए जाने" पर चिंता जताई और छात्र के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। छात्र की मौत के बाद शुरू हुए प्रदर्शन में संस्थान प्रशासन से जवाबदेही और पारदर्शिता की मांग प्रमुख रही। आईआईटी बॉम्बे में सात महीनों के भीतर आत्महत्या का यह तीसरा मामला है। इससे पहले फरवरी और जुलाई में दो अन्य छात्रों की मौत की जानकारी सामने आई थी।

# राजस्थान के 5 निगमों में मेयर का फैसला आज: 370 पार्षद करेंगे मतदान; क्रॉस वोटिंग पर नजर

राजस्थान के उदयपुर, बीकानेर, अलवर, पाली और अजमेर नगर निगम में आज मेयर पद के लिए मतदान होगा। सुबह 10 बजे से शुरू होने वाली प्रक्रिया में कुल 370 पार्षद मतदान करेंगे। भाजपा और कांग्रेस ने अपने पार्षदों की बाड़ाबंदी की है, ऐसे में क्रॉस वोटिंग और निर्दलीय पार्षदों की भूमिका पर नजर रहेगी। राजस्थान के पांच नगर निगमों में आज मेयर पद के लिए मतदान होगा। उदयपुर, बीकानेर, अलवर, पाली और अजमेर नगर निगम में सुबह 10 बजे से पार्षद मतदान करेंगे। मतदान और मतगणना की प्रक्रिया पूरी होने के बाद दोपहर तक पांचों निगमों की सियासी तस्वीर साफ हो जाएगी। इन पांच नगर निगमों में कुल 370 पार्षद मेयर का चुनाव करेंगे। भाजपा और कांग्रेस ने चुनाव से पहले अपने-अपने पार्षदों की बाड़ाबंदी कर रखी है। ऐसे में मतदान के दौरान क्रॉस वोटिंग की संभावना और पार्षदों के रुख पर दोनों दलों की नजर रहेगी। खासकर उन निगमों में मुकाबला दिलचस्प होगा, जहां दोनों दलों के बीच सीटों का अंतर कम है।

**पांच निगमों में भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी आमने-सामने**

उदयपुर, बीकानेर, अलवर, पाली और अजमेर में मेयर पद के लिए भाजपा और कांग्रेस ने अपने-अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं। कुछ निगमों में निर्दलीय पार्षदों की संख्या भी इतनी है कि वे चुनावी गणित को प्रभावित कर सकते हैं। इसी वजह से दोनों प्रमुख दल मतदान से पहले अपने पार्षदों को एकजुट रखने में जुटे हैं। पार्षदों की बाड़ाबंदी के जरिए पार्टियां अपने-अपने खेमे को एक साथ रखने की कोशिश कर रही हैं। मतदान के दौरान अगर किसी पार्षद का वोट पार्टी के प्रत्याशी के खिलाफ जाता है तो इसका सीधा असर मेयर चुनाव के नतीजे पर पड़ सकता है।

**भरतपुर और भीलवाड़ा में निर्विरोध चुने जा चुके मेयर**

भरतपुर और भीलवाड़ा नगर निगम में भाजपा के मेयर निर्विरोध चुने जा चुके हैं। इसलिए आज इन दोनों निगमों में मेयर पद के लिए मतदान नहीं होगा।

इस तरह आज होने वाले मतदान का सीधा असर उदयपुर, बीकानेर, अलवर, पाली और अजमेर के नगर निगम बोर्ड पर पड़ेगा। इन निगमों में मतदान के बाद मेयर पद के नतीजे सामने आएंगे और बोर्ड गठन की तस्वीर भी स्पष्ट होगी।




**273 निकायों में अध्यक्ष पद के लिए भी मतदान**

मेयर चुनाव के साथ ही राजस्थान की 273 नगरीय निकायों में अध्यक्ष पद के लिए भी आज मतदान होगा। प्रदेश के कुल 309 नगरीय निकायों में 32 अध्यक्ष पहले ही निर्विरोध चुने जा चुके हैं।

## सख्ती: दुबई में छिपा था कुख्यात ड्रग्स तस्कर, डिजिटल सक्रियता से खुली पोल; 29 सितंबर तक देश छोड़ने का फरमान




**यूरोप में पुलिस की बढ़ती सख्ती से भागकर दुबई पहुंचा**

उसे 29 सितंबर तक देश छोड़ने का फरमान सुनाया जा चुका है। आयरिश मूल का क्रिस्टी किनाहन (69) वैश्विक आपराधिक सिंडिकेट का सबसे बड़ा चेहरा है। उसके बनाए किनाहन कार्टेल को अमेरिकी सरकार ने अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा घोषित कर रखा है। अमेरिकी विदेश विभाग ने किनाहन की गिरफ्तारी या सजा दिलाने में मदद करने वाली सटीक जानकारी देने वाले को 50 लाख डॉलर (करीब 41 करोड़ भारतीय रुपये) का इनाम देने की घोषणा कर रखी है। किनाहन वर्ष 2016 में यूरोप में पुलिस की बढ़ती सख्ती से भागकर दुबई पहुंचा था। रिपोर्ट के अनुसार, उसने फर्जी पासपोर्ट के आधार पर खाड़ी देश में प्रवेश किया था। वहां रहते हुए करीब 1.5 बिलियन डॉलर की व्यक्तिगत बेनामी संपत्ति जमा कर ली थी। दुबई सरकार के आधिकारिक पोर्टल से खुलासा हुआ कि किनाहन का मूल वीजा इस साल अप्रैल में समाप्त हो गया था और 2024 में जारी रेजिडेंस कार्ड भी अब एक्सपायर हो चुका था।दिलचस्प यह है कि क्रिस्टी किनाहन दुबई में क्रिस्टोफर विंसेंट नाम के नकली ऑनलाइन एकाउंट चलाता था और गूगल पर उन होटलों और रेस्तरां के लिए रिव्यू लिखा करता था जहां वह आया-जाया करता था।उसकी डिजिटल गतिविधियों ने ही जांचकर्ताओं को उसके सटीक ठिकानों का पता लगाने में मदद की। माना जा रहा है दुबई से बेदखली के बाद वह खाड़ी के किसी अन्य देश या एशिया में शरण लेने की कोशिश कर सकता है।

क्रिस्टी किनाहन दुबई में 10 साल से छिपा था। इस कुख्यात ड्रग्स तस्कर की पोल डिजिटल सक्रियता से खुली। 50 लाख डॉलर के इनामी तस्कर का वीजा यूएई ने रद्द कर दिया है। 29 सितंबर तक देश छोड़ने को कहा गया है।दुनिया के सबसे खतरनाक और वांछित ड्रग कार्टेल सरगनाओं में शुमार क्रिस्टी किनाहन का आलीशान और सुरक्षित ठिकाना अब छिनने जा रहा है। द डैपर डॉन के नाम से कुख्यात क्रिस्टी किनाहन ने 2016 से दुबई को अपना ठिकाना बना रखा था और वहीं से अपना आपराधिक साम्राज्य चला रहा था। इसकी पोल उसके डिजिटल लेन-देन से खुली जिसके बाद यूएई ने उसका वीजा निरस्त कर दिया।

द डैपर डॉन के अवैध कारोबारों का साम्राज्य क्रिस्टी किनाहन जन्म 23 मार्च 1957 को डबलिन (आयरलैंड) में हुआ था। उसने 1980-90 के दशक में मादक पदार्थों की तस्करी शुरू कर अपराध की दुनिया में कदम रखा। पकड़े जाने के बाद जेल में रहने के दौरान यूरोप में सबसे बड़े ड्रग नेटवर्क किनाहन कार्टेल बना डाला। यह कार्टेल पूरे यूरोप में कोकीन, हेरोइन और हथियारों की तस्करी के साथ-साथ बड़े पैमाने पर मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल रहा है।क्रिस्टी किनाहन अकेले गिरोह को नहीं चलाता। वह दो बेटों के साथ मिलकर इस सिंडिकेट का संचालन करता है। बड़ा बेटा जो कार्टेल के रोजमर्रा के आपराधिक कार्यों और संचालन को संभालता है।

## डिजिटल सेवा बाजार में धाक:

### भारत का वैश्विक निर्यात 317 अरब डॉलर, 15 फीसदी का उछाल

**भारत ने डिजिटल रूप से प्रदान की जाने वाली सेवाओं के निर्यात में चीन, अमेरिका के मुकाबले ज्यादा ग्रोथ दर्ज कराई है। जबकि पारंपरिक आईटी-सॉफ्टवेयर सेवाओं से आगे बढ़कर कंसल्टिंग, इंजीनियरिंग, वित्तीय, पेंशन, बीमा व मनोरंजन और तकनीकी व्यावसायिक सेवाओं के निर्यात में भी अपनी भूमिका बढ़ा रहा है।**

2015 से 2025 के बीच भारत का निर्यात लगभग 92 अरब डॉलर से बढ़कर 317 अरब डॉलर हो गया।

कंप्यूटर सेवा : भारत का निर्यात अब भी व्यावसायिक सेवाओं और कंप्यूटर सेवाओं में अत्यधिक केंद्रित है।




**सलाह...**

नीति आयोग ने कहा है कि भारत को एआई आधारित सेवाओं, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा, इंजीनियरिंग और अनुसंधान व विकास जैसे उच्च मूल्य वाले डिजिटल क्षेत्रों में बढ़ाने पर ध्यान दिया जाना चाहिए। वैश्विक ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर की बढ़ती मौजूदगी व भारतीय कंपनियों की ओर से इंजीनियरिंग, एनालिटिक्स, कंसल्टिंग, क्लाउड और तकनीक-सक्षम पेशेवर सेवाओं का विस्तार डिजिटल निर्यात के लिए व्यापक आधार तैयार कर रहा है। साथ ही, छोटी कंपनियों और नए सेवा प्रदाताओं के लिए बाजार पहुंच बेहतर करने की आवश्यकता होगी।

**निर्यात में 15 फीसदी वृद्धि**

भारत का सेवा निर्यात 15 % वृद्धि के साथ 2024 के 277 अरब डॉलर से बढ़कर 2025 में 317 अरब डॉलर हो गया। जबकि ब्रिटेन में 11 % चीन और अमेरिका में 10%-10% व जर्मनी में 9 % वृद्धि हुई। इस तरह भारत ने जर्मनी को पीछे छोड़ कर निर्यात में चौथे स्थान पर पहुंच गया। इन सेवाओं के निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 5.8 %से बढ़कर 6 % हो गई।

## ब्रिक्स देशों में बढ़ी भारतीय सामान की मांग: 5 महीने में निर्यात 34% उछला, चीन को अधिक बेचा जा रहा भारतीय माल



दुनिया के कई बड़े बाजारों में भारतीय उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है। चालू वित्त वर्ष 2026-27 के पहले पांच महीनों (अप्रैल-अगस्त) में चीन, रूस, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका जैसे चार मुख्य ब्रिक्स देशों को भारत का निर्यात 34 फीसदी बढ़कर 19.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया। एक साल पहले इसी अवधि में यह 14.9 अरब डॉलर था।वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, भारत के कुल निर्यात में इन चार देशों की हिस्सेदारी भी बढ़ी है। अप्रैल-अगस्त 2025-26 में जहां इन देशों का हिस्सा 8.1 प्रतिशत था, वहीं इस साल यह बढ़कर 9.2 प्रतिशत हो गया है। इस अवधि के दौरान सभी ब्रिक्स देशों को भारत का निर्यात सालाना आधार पर 13% बढ़कर 34.5 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले साल इसी अवधि में 30.5 अरब डॉलर था।अप्रैल-अगस्त 2026 के दौरान भारत का कुल माल निर्यात 215.91 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 17.85 फीसदी अधिक है।कुल निर्यात का एक तिहाई हिस्सा चीन को

ब्रिक्स देशों में चीन भारतीय निर्यात के लिए सबसे बड़ा बाजार बनकर उभरा है। अप्रैल-अगस्त 2026-27 के दौरान चीन को भारत का निर्यात 39 प्रतिशत बढ़कर 9.6 अरब डॉलर पहुंच गया। यानी ब्रिक्स देशों को होने वाले कुल निर्यात का लगभग एक तिहाई से अधिक हिस्सा अकेले चीन को गया।

**कारोबार बढ़ाने की नीतियों से बनी बात**

अंतरराष्ट्रीय व्यापार विशेषज्ञ राहुल पद्मनाभन के मुताबिक, यह तेजी ऐसे समय में आई है जब ब्रिक्स देश आसान मार्केट पहुंच, मजबूत आपूर्ति शृंखला, डिजिटल ट्रेड और लोकल करेंसी के ज्यादा इस्तेमाल के जरिये आर्थिक एकीकरण को गहरा करने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले हफ्ते नई दिल्ली में हुए 18वें ब्रिक्स समिट में इन कोशिशों को गति मिली। इन उपायों में व्यापार को आसान बनाना, कस्टम्स सहयोग, ग्लोबल वैल्यू चेन, एमएसएमई, कृषि व्यापार और बॉर्डर-पार भुगतान शामिल हैं।इसमें पेट्रोलियम उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स और एल्युमीनियम की अहम भूमिका रही। दक्षिण अफ्रीका में भारतीय उत्पादों की मांग सबसे तेजी से बढ़ी और निर्यात 58 फीसदी ढ़कर 4.82 अरब डॉलर हो गया। ब्राजील और रूस को होने वाले निर्यात में भी 13% और 11% की दो-अंकों वाली बढ़ोतरी दर्ज की गई। ब्राजील को शिपमेंट 3.46 अरब डॉलर का था, जबकि रूस को 2.04 अरब डॉलर का रहा।

## सफर पर निकलने से पहले यात्रा बीमा है जरूरी: केवल पांच मिनट की जांच, सस्ती नहीं सही पॉलिसी चुनें




विदेश ही नहीं, घरेलू सफर में भी छोटी-सी पॉलिसी बड़ी आर्थिक परेशानी से बचा सकती है।सफर पर निकलने से पहले यात्रा बीमा से जुड़ी पांच मिनट की जांच करना अहम है। इसके अलावा सस्ती नहीं सही पॉलिसी चुनने पर ध्यान दें। पिछले साल राहुल अपने परिवार के साथ शिमला गए थे। अचानक उनके पिता को सीने में तेज दर्द उठा। अनजान शहर और अचानक अस्पताल का खर्च। सारी यात्रा का मजा खराब हो गया। कई लोगों को लगता है कि ट्रैवल इंश्योरेंस केवल विदेश जाने वालों के लिए होता है या फिर वीजा की औपचारिकता भर है।सच यह है कि यात्रा के दौरान होने वाली अनिश्चितता पासपोर्ट देखकर नहीं आती। फ्लाइट छूटना, सामान देर से मिलना, अचानक बीमारी, दुर्घटना या आपात स्थिति घरेलू सफर में भी उतनी ही परेशानी पैदा कर सकती है। इसलिए अब यात्रा बीमा को अतिरिक्त खर्च नहीं, बल्कि बजट का एक अनिवार्य हिस्सा समझना चाहिए।

**यात्रा में जोखिम केवल दुर्घटना का नहीं**

यात्रा के दौरान कई ऐसे छिपे हुए जोखिम होते हैं, जिनकी हम कल्पना भी नहीं करते। होटल और फ्लाइट की एडवांस बुकिंग का पैसा फंस जाना, चेक-इन बैगेज का देर से मिलना, पासपोर्ट खो जाना या प्राकृतिक आपदा के कारण ट्रिप बीच में रोकना, इन सभी परिस्थितियों में खर्च तेजी से बढ़ सकता है। उपयुक्त यात्रा बीमा पॉलिसी की शर्तों और सीमाओं के तहत ऐसी आपात स्थितियों में आर्थिक और सहायता सुरक्षा प्रदान करती है। मुश्किल वक्त में सबसे पहले इलाज व सुरक्षा को प्राथमिकता दें। इसके साथ ही बीमा कंपनी को तय समय के भीतर सूचना दें। पॉलिसी नंबर और हेल्पलाइन नंबर हमेशा अपने और परिवार के पास रखें। फ्लाइट में देरी या सामान खोने पर एयरलाइन से लिखित प्रमाण लें। डॉक्टर के पर्चे, अस्पताल के बिल, बोर्डिंग पास और सभी रसीदें संभालकर रखें। भारत में लोग रेल, बस, कार और विमान से लगातार सफर करते हैं।

## Gold Silver Price: दिल्ली में सोना 1000 रुपये टूटा, पांच सप्ताह के निचले स्तर पर भाव; जानिए चांदी की कीमतें




गांधी ने आगे कहा कि अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने और ट्रेजरी यील्ड में वृद्धि से यह गिरावट आई। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने मुद्रास्फीति की चिंताओं को बढ़ा दिया है। इससे फेडरल रिजर्व की इस सप्ताह की नीति बैठक में ब्याज दर में वृद्धि की उम्मीदें मजबूत हुई हैं। आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड की कमोडिटीज और करेंसी की रिसर्च एनालिस्ट वेदिका नार्वेकर के अनुसार, घरेलू बाजार में सोना पांच सप्ताह के निचले स्तर पर है। इस महीने सोने के दाम 3 फीसदी से अधिक गिर चुके हैं।गांधी ने आगे कहा कि अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने और ट्रेजरी यील्ड में वृद्धि से यह गिरावट आई। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने मुद्रास्फीति की चिंताओं को बढ़ा दिया है। इससे फेडरल रिजर्व की इस सप्ताह की नीति बैठक में ब्याज दर में वृद्धि की उम्मीदें मजबूत हुई हैं। आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड की कमोडिटीज और करेंसी की रिसर्च एनालिस्ट वेदिका नार्वेकर के अनुसार, घरेलू बाजार में सोना पांच सप्ताह के निचले स्तर पर है। इस महीने सोने के दाम 3 फीसदी से अधिक गिर चुके हैं।बाजार के भागीदार अब फेडरल रिजर्व की ब्याज दर में वृद्धि की 92 फीसदी संभावना मान रहे हैं। यह जुलाई 2023 के बाद पहली ब्याज दर वृद्धि होगी।

दिल्ली में सोने की कीमतों में 1,000 रुपये की गिरावट दर्ज की गई, जो पांच सप्ताह का निचला स्तर है। मजबूत अमेरिकी डॉलर, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और फेडरल रिजर्व की ब्याज दर में वृद्धि की आशंका ने सोने पर दबाव बढ़ाया। चांदी के दाम स्थिर रहे।दिल्ली में मंगलवार को सोने की कीमतों में 1,000 रुपये की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट वैश्विक कमजोरी और मजबूत अमेरिकी डॉलर के कारण हुई। इसके साथ ही सोना पांच सप्ताह के निचले स्तर 1,54,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पहले 7 अगस्त को भी सोने के दाम इसी स्तर पर थे।स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी की कीमतें लगातार दूसरे दिन 2,34,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने बताया कि वैश्विक संकेतों की कमजोरी के कारण मंगलवार को सोने में गिरावट आई। स्पॉट गोल्ड 4,300 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस से नीचे फिसल गया। यह एक महीने के निचले स्तर के करीब कारोबार कर रहा था। साथ सोने पर दबाव बने रहने की उम्मीद है। विदेशी बाजारों में स्पॉट गोल्ड 22.28 अमेरिकी डॉलर यानी 0.52 फीसदी गिरकर 4,276.52 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर आ गया।

## द बोनस मार्केट अपडेट: सेंसेक्स 400 अंक से अधिक उछला, निफ्टी 23,350 के पार पहुंचने में सफल

भारतीय शेयर बाजार में तेजी जारी है। सेंसेक्स 400 अंक से अधिक उछला और निफ्टी 23,350 के पार पहुंच गया। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और सऊदी पाइपलाइन मरम्मत से बाजार को राहत मिली है। अल्ट्राटेक और एशियन पेंट्स जैसे शेयरों में 3 फीसदी तक की वृद्धि दर्ज की गई।भारतीय शेयर बाजार में आज जोरदार तेजी देखने को मिली। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 400 अंक से अधिक उछलकर 74,683.98 पर पहुंच गया। वहीं, निफ्टी भी 23,350 के स्तर को पार करते हुए 23,380.85 पर कारोबार करता दिखा। यह उछाल निवेशकों के लिए राहत लेकर आया है।बाजार में यह सकारात्मक रुख पिछले तीन सत्रों से बना हुआ है। अल्ट्राटेक और एशियन पेंट्स जैसे बड़े शेयरों में 3 फीसदी तक की वृद्धि दर्ज की गई। ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में आई नरमी ने बाजार को सहारा दिया है। सऊदी पाइपलाइन की मरम्मत में हुई प्रगति से आपूर्ति बाधित होने की चिंताएं कम हुई हैं। वैकल्पिक निर्यात मार्गों की उपलब्धता ने भी बाजार को मजबूती दी है। विश्लेषकों का मानना है कि कई कारक बाजार को आगे बढ़ा रहे हैं।




**बाजार को राहत क्यों मिली?**

भारतीय बाजारों को पिछले तीन कारोबारी सत्रों से राहत मिली है। ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट इसका एक प्रमुख कारण है। सऊदी पाइपलाइन की मरम्मत का काम तेजी से आगे बढ़ा है। इससे तेल आपूर्ति में लंबे समय तक व्यवधान की आशंका कम हुई है। इसके अलावा, तेल निर्यात के लिए नए वैकल्पिक मार्ग भी उपलब्ध हो गए हैं। इन सभी कारणों से बाजार में सकारात्मक माहौल बना है।

**आगे बाजार की चाल कैसी रहेगी?**

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दर में वृद्धि का दौर अब निवेशकों के लिए समाप्त हो गया है। अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में भी कमी आई है। कच्चे तेल की नरम कीमतें और घरेलू बाजार में मजबूत तरलता बाजार को सहारा दे सकती है। इन कारकों से बाजार में सतर्कता के साथ सकारात्मक रुझान बना रह सकता है।

# सूर्या और ज्योतिका: ड्रीम वेडिंग के लिए क्यों चुना स्कॉटलैंड? सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कपल ने किया खुलासा



Suriya And Jyothika Wedding: सूर्या और ज्योतिका ने हाल ही में स्कॉटलैंड में दोबारा एक दूसरे से शादी की। इस डेस्टिनेशन पर यह शादी कपल के लिए किसी ड्रीम से कम नहीं थी। अपने इसी सपने का जिक्र सूर्या ने सोशल मीडिया पोस्ट में किया है। सूर्या और ज्योतिका ने कुछ ही दिन पहले अपनी शादी की 20वीं एनिवर्सरी पर दोबारा शादी की है। इस खास मौके का वीडियो उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर किया। इसके साथ ही स्कॉटलैंड को डेस्टिनेशन चुनने के बारे में भी काफी कुछ कहा। जानें क्या लिखा एक्टर ने? साउथ सिनेमा के एक्टर सूर्या और एक्ट्रेस ज्योतिका ने हाल ही में स्कॉटलैंड में दोबारा शादी की है। बीते दिनों सूर्या ने इस समारोह की कई तस्वीरें शेयर की थीं। अब उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने खास दिन का वीडियो शेयर किया। इसके साथ ही फैंस के लिए एक भावुक संदेश किया। उन्होंने लिखा, 'आपने हम पर जो प्यार और सकारात्मकता बरसाई है, उससे हम अभिभूत हैं और अपने दिल की एक और बात आपके साथ साझा कर रहे हैं। स्कॉटलैंड में हमारी शादी को इतना यादगार बनाने वाली असाधारण टीम को दिल से धन्यवाद।' आगे अपनी पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'हमने स्कॉटलैंड को उसके धुंध भरे ऊंचे पहाड़ों और झीलों के लिए चुना, और उनकी प्रेम कहानी हमारी अपनी कहानी से मिलती-जुलती थी। लेकिन हम यादों से कहीं बढ़कर कुछ लेकर घर लौटे। ऐसे खुले दिल वाले, इतने सच्चे और स्नेही लोगों से मिलकर, हमारा दिल कभी भी पूरी तरह से खाली नहीं होगा।' ज्योतिका ने शादी के बाद सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'मैं एक अच्छी मां बनने का वादा करती हूं, सिर्फ इसलिए नहीं कि मैं खाना बनाती हूं, सफाई करती हूं या बच्चों की मदद करती हूं, बल्कि इसलिए कि मैं मुस्कुराती रहूं। मेरी वह मुस्कान मेरे बच्चों को उनके अप्पा-अम्मा की कहानी को फिर से जीने की इच्छा दे।' उन्होंने अपनी बात खत्म करते हुए लिखा, 'मैं वादा करती हूं, मेरे सूर्या, कि मैं हमेशा वही अधूरी पत्नी बनी रहूंगी, जो लड़ती है और फिर सुलह कर लेती है, ताकि हर बार हम एक-दूसरे के और करीब आ सकें। मैं सबसे ज्यादा हमारी दोस्ती को संजोने का वादा करती हूं- क्योंकि एक ही इंसान में आपको बराबर का साथी, राजदार, गॉसिप पार्टनर और सबसे अच्छा दोस्त मिलना बहुत दुर्लभ है। और वह खास इंसान मेरा पति और मेरे बच्चों का पिता भी है। तो हमारे अगले 20 वर्षों के नाम- हमारे अधूरे लेकिन एक-दूसरे को पूरा तरह समझने वाले रिश्ते के नाम।' साल 1999 में सूर्या और ज्योतिका की पहली मुलाकात तमिल फिल्म 'पूवेल्लम केत्तुप्पर' की शूटिंग के दौरान हुई थी। इसके बाद ही दोनों का रिलेशनशिप शुरु हो गया। परिवार की मंजूरी और करियर में स्थिरता मिलने के बाद दोनों ने 11 सितंबर, 2006 को चेन्नई में शादी की। कपल बेटी दिया और बेटे देव के पैरेंट्स भी हैं

# डेटिंग की अफवाह: तुर्की में एंजॉय करते दिखे सनी कौशल

## फैंस ने क्यों जोड़ा कटरीना की बहन इसाबेल से नाम?



Sunny Kaushal Viral Post: विक्की कौशल के छोटे भाई सनी कौशल और कटरीना कैफ की छोटी बहन इसाबेल कैफ के रिलेशनशिप की अफवाह आग की तरह फैल रही हैं। हाल ही में दोनों की सोशल मीडिया पोस्ट से हवा मिल गई। सनी की ट्रिप की तस्वीरों को फैंस इसाबेल से जोड़ रहे हैं। जानें क्या है मामला? अभिनेता सनी कौशल और कटरीना कैफ की बहन इसाबेल कैफ के डेटिंग की खबरें काफी समय से सोशल मीडिया में चल रही हैं। इसी बीच सनी की तुर्की के वेकेशन की तस्वीरों को लोग इसाबेल के साथ जोड़ रहे हैं।

सनी कौशल तुर्की के ट्रिप पर लुत्फ उठा रहे हैं। इसी बीच एक्टर ने सोशल मीडिया पर अपने वेकेशन की कुछ तस्वीरें शेयर कीं।

इसके साथ ही बीते दिनों इसाबेल कैफ ने भी तुर्की की कुछ मिलती जुलती फोटोज अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की थीं। इन दोनों पोस्ट्स को देखने के बाद फैंस सनी और इसाबेल के साथ में ट्रिप पर जाने का अंदाजा लगा रहे हैं। हालांकि इसाबेल ने अपनी तुर्की वेकेशन की फोटोज जुलाई में शेयर की थीं, जिनमें वह तुर्की के शहर इस्तांबुल में अलग-अलग जगहों पर मौज-मस्ती करती नजर आईं। सनी कौशल और इसाबेल कैफ का काफी खास रिश्ता है। अगर दोनों की डेटिंग की खबरों को दरकिनार कर दिया जाए तो दोनों आपस में करीबी रिश्तेदार हैं। सनी कौशल और इसाबेल कैफ का काफी खास रिश्ता है। अगर दोनों की डेटिंग की खबरों को दरकिनार कर दिया जाए तो दोनों आपस में करीबी रिश्तेदार हैं। दरअसल, सनी कौशल एक्टर विक्की कौशल के भाई हैं, वहीं इसाबेल कैफ विक्की कौशल की पत्नी कटरीना कैफ की बहन हैं। इस तरह सनी और इसाबेल एक पारिवारिक रिश्ता भी साझा करते हैं। इसाबेल कैफ से पहले सनी कौशल का नाम एक एक्ट्रेस के साथ जुड़ चुका है।

# बिग बॉस: क्यों रियलिटी शो का हिस्सा बनीं थीं नोरा फतेही?

## रखी थी ये खास शर्त; एक्ट्रेस ने किया खुलासा



Nora Fatehi: अभिनेत्री और डांसर नोरा फतेही ने रियलिटी शो 'बिग बॉस 9' में बतौर वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट एंट्री ली थी। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने खुलासा किया है कि उन्होंने यह शो एक खास शर्त पर करने के लिए हामी भरी थी।

नोरा फतेही ने साल 2015 में रियलिटी शो 'बिग बॉस 9' में वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट एंट्री के तौर पर शामिल हुईं थीं। वह करीब तीन हफ्तों तक शो का हिस्सा रही थीं। अब एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने क्यों इस शो में जाने पर हां किया था।

गानों की फीस नहीं मिलने से थीं परेशान

नोरा फतेही ने अनट्रिगर्ड पॉडकास्ट में अपने करियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया, 'मैंने कई गाने किए थे और वे मुझे मेरे पैसे नहीं दे रहे थे। शायद प्रोड्यूसर्स ने एजेंसी को पैसे दे दिए थे, लेकिन मुझे अपना पैसा मिलने का इंतजार करना पड़ रहा था। वे मुझे पैसे नहीं दे रहे थे और मैं इसके लिए लड़ रही थी। सब कुछ बहुत परेशान करने वाला था।'

इसी दौरान उन्हें 'बिग बॉस' का ऑफर मिला। नोरा ने बताया कि शुरुआत में उन्होंने इस ऑफर को ठुकरा दिया था। उन्होंने कहा कि वह रियलिटी शो नहीं करना चाहती थीं और उन्हें लगता था कि सामने वाले लोग उनकी सोच और विजन को नहीं समझते।

इस शर्त पर बिग बॉस करने को हुईं तैयार

नोरा ने बताया कि जब उन्हें शो के लिए मिलने वाली रकम के बारे में बताया गया तो उन्होंने अपना फैसला बदल लिया। हालांकि, इसके पीछे एक और खास वजह थी। उन्होंने कहा, 'यह कोई बुरी चीज नहीं है। यह एक प्लेटफॉर्म है और अगर आप समझदारी से इसका इस्तेमाल करें तो यह आपको तुरंत घर-घर में पहचान दिला सकता है।'

नोरा ने बताया कि वह 'बिग बॉस' में वाइल्ड कार्ड एंट्री थीं और उन्हें पता था कि वह शो में ज्यादा लंबे समय तक नहीं रहेंगी। ऐसे में उन्होंने सोचा कि वह इस मौके के बदले कुछ और हासिल कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि वह उस समय 'झलक दिखला जा' में जाना चाहती थीं

# करीना कपूर @46: शूटिंग शुरू करने से चार दिन पहले छोड़ी डेब्यू फिल्म कैसे राज कपूर की 'सिद्धिमा' बनीं 'करीना'?

Kareena Kapoor Khan Birthday: बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर 21 सितंबर को अपना 46वां जन्मदिन मना रही हैं। आइए आपको एक्ट्रेस की लाइफ से जुड़े कुछ अनसुने किस्सों के बारे में बताते हैं। बॉलीवुड की 'बेबो' यानी करीना कपूर खान सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि एक ब्रांड हैं। कपूर खानदान की पांचवीं पीढ़ी की यह अदाकारा पिछले ढाई दशकों से हिंदी सिनेमा पर राज कर रही हैं। पर्दे पर उनका बिंदास अंदाज हो या निजी जिंदगी में उनके फैसले करीना हमेशा चर्चा में रही हैं। आज 21 सितंबर को एक्ट्रेस अपना 46वां जन्मदिन मना रही हैं। ऐसे में आइए आपको उनकी लाइफ से जुड़े कुछ दिलचस्प किस्सों के बारे में बताते हैं। करीना कपूर का जन्म 21 सितंबर, 1980 को हिंदी सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित परिवार में से एक कपूर खानदान में हुआ।




वह राज कपूर की पोती और रणधीर-बबीता की बेटी हैं। खास बात ये है कि उनके दादा राज कपूर ने एक्ट्रेस का नाम 'सिद्धिमा' रखा था। लेकिन मां ने बुक एना कैरेनीना से प्रेरित होकर नाम बदल दिया और करीना रख दिया।

- करीना ने बीच में छोड़ी पढ़ाईकरीना की शुरुआती पढ़ाई मुंबई के जमनाबाई नरसी स्कूल और देहरादून के वेल्हम गर्ल्स स्कूल से हुई।
- इसके बाद अभिनेत्री ने मुंबई के मिठीबाई कॉलेज में कॉमर्स की पढ़ाई की। हालांकि, उन्होंने डिग्री पूरी नहीं की।
- करीना ने हार्वर्ड समर स्कूल से माइक्रो कंप्यूटर का तीन महीने का कोर्स भी किया था।
- फिर उन्होंने मुंबई के गवर्नमेंट लॉ कॉलेज में दाखिला लिया। लेकिन एक्टिंग में करियर बनाने के लिए उन्होंने पढ़ाई बीच में छोड़ दी।
- हाल ही में एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्होंने 11वीं तक पढ़ाई की है।

करीना कपूर के डेब्यू की कहानी किसी फिल्मी स्क्रिप्ट से कम नहीं है। राकेश रोशन अपनी फिल्म 'कहो ना प्यार है' से अपने बेटे ऋतिक रोशन और करीना कपूर को लॉन्च करने वाले थे। करीना ने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी थी और एक-दो सीन शूट भी कर लिए थे। से बताया जाता है कि शूटिंग शुरू होने के कुछ ही दिनों बाद करीना की मां बबीता और निर्देशक राकेश रोशन के बीच फिल्म की स्क्रिप्ट और करीना के रोल के महत्व को लेकर विवाद हो गया।

# विद्या बालन: 'जेलर 2' की कास्ट में शामिल हुईं अभिनेत्री चेहरे पर तेवर और दबंग अंदाज ने जीता फैंस का दिल



Vidya Balan: 'जेलर 2' की कास्ट में अभिनेत्री विद्या बालन शामिल हो गई हैं। फिल्म में उनका किरदार काफी असरदार होने वाला है। उनका नया वीडियो धमाल मचा रहा है।

'जेलर 2' के मेकर्स धीरे-धीरे उन कलाकारों के किरदारों से पर्दा उठा रहे हैं जो इस बहुप्रतीक्षित सीक्वल में रजनीकांत के साथ नजर आएंगे। इस कड़ी में अब विद्या बालन का नाम भी जुड़ गया है। मेकर्स ने अब विद्या के किरदार का पहला लुक जारी किया है। वह 'कांथा' का किरदार निभा रही हैं। इस किरदार के बारे में अभी ज्यादा जानकारी नहीं है लेकिन नए वीडियो में उन्हें एक जबरदस्त अंदाज में पेश किया गया है। वीडियो में विद्या नीली साड़ी और काले ब्लाउज में नजर आ रही हैं। उनके हाथ में सिगरेट है और वह सीढ़ियों से उतरकर एक कमरे में दाखिल होती हैं। वीडियो में ज्यादा कुछ तो नहीं दिखाया गया है लेकिन एक बात साफ है कि कांथा का किरदार कोई शांत या दब्बू किस्म का नहीं है। इस सीन में विद्या का अंदाज काफी प्रभावशाली और दबंग है। मेकर्स ने अभी तक यह नहीं बताया है कि कहानी में कांथा का क्या रोल है। हालांकि, रिपोर्ट्स के मुताबिक, विद्या मिथुन चक्रवर्ती की बड़ी बेटी का किरदार निभाएंगी। कहा जा रहा है कि मिथुन 'जेलर 2' में मुख्य विलेन (खलनायक) की भूमिका में होंगे और रजनीकांत के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। हिंदुस्तान टाइम्स ने पहले एक सूत्र के हवाले से कहा था, 'विद्या मिथुन चक्रवर्ती की बड़ी बेटी का रोल निभा रही हैं।' नेल्सन दिलीप कुमार द्वारा निर्देशित 'जेलर' फिल्म मुथुवेल पांडियन की कहानी थी। वह एक रिटायर्ड जेलर थे, जिनका शांत जीवन तब उथल-पुथल हो गया जब उनका बेटा लापता हो गया।



# बिग बॉस 20: घर से बेघर हुआ यह सदस्य काजी और रीति में हुई बहस आम्रपाली और माही में से किसे मिला ज्यादा प्यार?



Rohed Khan Evicted from Bigg Boss 20: बिग बॉस 20 के दूसरे नॉमिनेशन में घर से पहला कंटेस्टेंट बाहर हो गया है। इस कंटेस्टेंट का नाम है रोहिद खान, जो ऑस्ट्रिया के मॉडल हैं। रविवार को 'बिग बॉस 20' का वीकेंड का वार काफी हंगामा भरा रहा। इसी बीच शो से पहला एविक्शन हो गया है। इस हफ्ते घर से बाहर होने के लिए चार सदस्यों के नाम सामने आए थे। ये चार सदस्य आसिफ, स्काउट ओपी, यंग डीएसए और रोहिद खान थे। चारों प्रतिभागियों ने नॉमिनेशन प्रक्रिया पर चर्चा की थी, जो बिग बॉस के घर के नियम के खिलाफ था। चूंकि यंग पिछले हफ्ते कैप्टन थे इसलिए नॉमिनेट नहीं किए गए। बाकी तीनों से बिग बॉस ने वरदान (तथास-टू) यानि दूसरा मौका छीन लिया। ऐसे में इस हफ्ते सीधे बेघर होने के लिए आसिफ, स्काउट और रोहिद के नाम चुने गए। इसमें से रोहिद को सबसे कम वोट मिले और वो 'बिग बॉस 20' से बेघर होने वाले पहले प्रतिभागी बने। सलमान ने घर में एक फन टास्क कराया। सबसे पूछा गया कि आम्रपाली और माही में से घर सबसे अच्छे से कौन संभालता है। चार लोगों ने माही को वोट दिए, बाकी सबने आम्रपाली को वोट दिए। आम्रपाली घर की ठकुराइन चुनी गईं, हालांकि इस टास्क का उन्हें कोई फायदा नहीं मिला।

**सलमान के लिए हलवा लेकर पहुंचीं सोनाली बेंद्रे**

इसके अलावा सोनाली बेंद्रे और मुनव्वर फारुखी 'बिग बॉस 20' के सेट पर पहुंचे। वह सलमान खान से मिलीं और अभिनेता के लिए वह हलवा भी बनाकर लाईं थीं। उन्होंने भाईजान को हलवा चखाया। वह शो पर अपने अपकमिंग शो के प्रमोशन के लिए पहुंचीं थीं। इस पर उन्होंने सलमान से चर्चा की और घर वालों से बात भी की। शो में सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया भी पहुंचे। सिद्धार्थ ने बताया कि उनकी मां की पसंदीदा कंटेस्टेंट कनिका हैं। तमन्ना ने काजी को बहुत सपोर्ट किया। उन्होंने कहा कि आप बहुत अच्छा कर रहे हैं। उन्होंने काजी से कहा कि वह रॉकस्टार स्टेप सीखनी चाहती हैं। इसके बाद काजी ने उन्हें स्टेप सिखाए। इससे सलमान ने जो शनिवार को वीकेंड का वार के दौरान सीने में दर्द का नाटक किया था, वो घर वालों को ये बताने के लिए किया था कि पिछले कुछ हफ्तों से काजी तौकीर उनको बेवकूफ बना रहे हैं।

# Aaj ka Rashifal 21 September

## वृष और धनु राशि वालों का रुक हुआ धन होगा वापस, पढ़ें दैनिक राशिफल




**आज का राशिफल 21 सितंबर 2026:** सोमवार का दिन नए सप्ताह की शुरुआत है, और मेष, कर्क, सिंह, कन्या, कुंभ और मकर राशि वालों के लिए इसके अपने संकेत हैं। जानिए करियर, धन, लव लाइफ और स्वास्थ्य के लिहाज़ से आपकी राशि का हाल, साथ ही शुभ अंक और शुभ रंग।

**आज का राशिफल 21 सितंबर 2026:** सोमवार, 21 सितंबर 2026 का दिन मेष, कर्क, सिंह, कन्या, कुंभ और मकर राशि वालों के लिए मिले-जुले लेकिन उम्मीद भरे संकेत लेकर आया है। मेष राशि वालों की ऊर्जा ऊँची रहेगी और रुके काम आगे बढ़ेंगे। कर्क राशि को परिवार और सहकर्मियों का साथ मिलेगा। सिंह राशि के लोगों की बात का असर रहेगा और पुराना रुका पैसा मिलने के योग हैं। कन्या राशि वालों के लिए दिन व्यवस्थित ढंग से काम निपटाने का है जबकि कुंभ राशि को नौकरी या व्यवसाय में नया अवसर मिल सकता है। मकर राशि वालों की मेहनत का फल आज दिखने लगेगा और अधिकारी उनके काम की सराहना कर सकते हैं। हालाँकि कुछ राशियों को खर्च, उधार और सेहत के मामले में सावधानी भी रखनी होगी।

### मेष



मेष राशि वालों के लिए आज का दिन उपलब्धियों और अच्छी खबरों से भरा रह सकता है। नौकरीपेशा लोगों को वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से कोई महत्वपूर्ण समाचार मिल सकता है। रोजगार की तलाश कर रहे जातकों के लिए नए अवसर सामने आएंगे और मित्रों के माध्यम से बने नए संपर्क भविष्य में लाभदायक साबित हो सकते हैं। विद्यार्थियों का पढ़ाई में मन लगेगा और वे शैक्षणिक गतिविधियों के साथ अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भी सक्रिय रहेंगे। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। दिन कितना भी व्यस्त रहे, आप अपने लिए समय निकालने में सफल होंगे। शाम का कुछ समय अपने पसंदीदा काम में बिताना आपको मानसिक रूप से काफी संतुष्टि देगा।

### वृषभ



वृष राशि वालों के लिए आज का दिन कई सुखद अनुभव लेकर आ सकता है। आपकी मुलायम और मधुर वाणी लोगों पर अच्छा प्रभाव डालेगी, इसलिए बातचीत में संयम बनाए रखना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। बचपन का कोई मित्र अचानक मिलने आ सकता है और उसके साथ पुरानी यादें ताजा होंगी। घर से दूर रहने वाले लोगों को परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिल सकता है। लंबे समय से किया गया निवेश अच्छा लाभ दे सकता है और कहीं अटका हुआ धन भी वापस मिलने की संभावना है। सामाजिक गतिविधियों में आपके विचारों की सराहना होगी। आज परिस्थितियां चाहे जैसी हों, आपका संतुलित रवैया आपको सही निर्णय लेने में मदद करेगा।

### मिथुन



मिथुन राशि वालों के लिए आज का दिन सकारात्मक बदलाव लेकर आएगा। परिवार से जुड़ा कोई पुराना मामला किसी बुजुर्ग की सहायता से सुलझ सकता है, जिससे घर में फिर से खुशियों का माहौल बनेगा। आपकी योजनाएं गति पकड़ेंगी और किसी नए काम की शुरुआत करने का विचार है तो आज उस दिशा में कदम बढ़ाया जा सकता है। रुके हुए कार्य पूरे होंगे और काम के दबाव के बावजूद आप अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह संभाल पाएंगे। किसी करीबी रिश्तेदार को आर्थिक मदद की आवश्यकता पड़ सकती है और आप उसका साथ देंगे। सुबह की सैर या हल्की शारीरिक गतिविधि आपको पूरे दिन ऊर्जावान बनाए रखेगी।

### कर्क



कर्क राशि वालों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। किसी खास व्यक्ति से होने वाली मुलाकात आपके लंबे समय से अटके काम को पूरा कराने में मदद कर सकती है। बच्चों को स्कूल से जुड़ी किसी गतिविधि या यात्रा का अवसर मिलने से वे उत्साहित रहेंगे। जीवनसाथी का स्नेह और सहयोग आपको भावनात्मक रूप से मजबूत महसूस कराएगा। हालांकि, कुछ लोग प्रतिस्पर्धा के कारण आपके बारे में गलत बातें करने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन आपको ऐसी बातों पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है। आपकी प्रतिष्ठा पर इसका कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा। शाम को मिलने वाली कोई अच्छी खबर पूरे परिवार के चेहरे पर मुस्कान ला सकती है।

### सिंह



सिंह राशि वालों के लिए आज का दिन किसी बड़ी इच्छा के पूरे होने का संकेत दे रहा है। मकान, प्लॉट, दुकान या किसी अन्य संपत्ति से जुड़ी आपकी योजना आगे बढ़ सकती है। संतान की नौकरी या करियर से जुड़ी कोई अच्छी खबर परिवार के लिए खुशी का कारण बनेगी। लंबे समय से चली आ रही किसी परेशानी में भी राहत मिल सकती है। हालांकि, ऐसा काम जिसमें आपको पर्याप्त अनुभव नहीं है, उसे बिना सलाह के करने से बचें। किसी अनुभवी व्यक्ति का मार्गदर्शन आपके लिए काफी उपयोगी रहेगा। जीवनसाथी के साथ यात्रा या किसी शांत और खूबसूरत स्थान पर घूमने की योजना बन सकती है।

### कन्या



कन्या राशि वालों के लिए आज का दिन आत्मविश्वास और उपलब्धियों से जुड़ा रहेगा। आपका शांत और विनम्र व्यवहार दूसरों को प्रभावित करेगा। हालांकि, खर्चों पर नजर रखना जरूरी है, क्योंकि आज कुछ अनावश्यक खर्च सामने आ सकते हैं। बेवजह की बहस और उलझनों से दूरी बनाए रखना ही समझदारी होगी। प्रकृति से जुड़ी गतिविधियों में समय बिताने से मन को सुकून मिलेगा। जीवनसाथी आपसे किसी खास चीज की इच्छा जाहिर कर सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा है और उन्हें अपनी मेहनत का मनचाहा परिणाम मिल सकता है। खेलों से जुड़े लोगों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

### तुला



तुला राशि वालों के लिए आज का दिन करियर और व्यापार से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण रहेगा। यदि आप अपनी पसंद की जगह पर ट्रांसफर के लिए प्रयास कर रहे हैं तो आज आवेदन करने का विचार आगे बढ़ाया जा सकता है। व्यापार में उम्मीद से अधिक लाभ मिलने के संकेत हैं। परिवार में आपसी समझ बेहतर होगी और घर का वातावरण सकारात्मक बना रहेगा। जीवनसाथी के साथ छोटी बातों को विवाद का रूप देने से बचें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में वरिष्ठों या अनुभवी लोगों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य के मामले में लापरवाही न करें। व्यापार में लाभ की संभावना बनी रहेगी, लेकिन किसी बड़े नए निर्णय को लेने से पहले अच्छी तरह विचार करना आवश्यक होगा।

### वृश्चिक



वृश्चिक राशि वालों के लिए आज का दिन उत्साह और आत्मविश्वास से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके नए विचार और काम करने का अलग अंदाज लोगों का ध्यान आकर्षित करेगा। वरिष्ठ अधिकारी आपके काम की सराहना कर सकते हैं और नौकरी में आगे बढ़ने के अवसर बन सकते हैं। प्रमोशन या नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना भी दिखाई देती है। किसी बड़ी कंपनी की ओर से नौकरी का अवसर मिलने की खबर भी आ सकती है। व्यापार से जुड़ी यात्रा आगे चलकर लाभदायक साबित हो सकती है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और आपको अपने प्रयासों का अच्छा परिणाम मिलने से आत्मविश्वास और बढ़ेगा।

### धनु



धनु राशि वालों के लिए आज का दिन कई स्तरों पर राहत देने वाला रहेगा। धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में आपकी रुचि बढ़ सकती है और किसी विशेष आयोजन या कार्य का हिस्सा बनने का अवसर मिल सकता है। लंबे समय से अटका हुआ धन वापस मिलने से आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से सक्रिय और महत्वपूर्ण रहेगा। आज आप खुद पर पहले से अधिक विश्वास करेंगे और किसी जरूरी काम को पूरी एकाग्रता के साथ पूरा करने का प्रयास करेंगे। व्यस्तता के बावजूद बच्चों और परिवार के लिए समय निकाल पाएंगे। परिवार के साथ कहीं घूमने की योजना भी बन सकती है।

### मकर



मकर राशि वालों के लिए आज का दिन व्यापार और करियर में आगे बढ़ने का अवसर ला सकता है। आपका आत्मविश्वास मजबूत रहेगा और आप अपने काम करने के तरीके में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव करने के बारे में सोचेंगे। कंस्ट्रक्शन से जुड़े कारोबारियों को लाभ के अवसर मिल सकते हैं। विवाहित जातक किसी मांगलिक आयोजन या पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। व्यापारिक बैठक में किसी बड़ी कंपनी के साथ महत्वपूर्ण समझौता तय होने की संभावना है। वकालत के क्षेत्र से जुड़े लोगों को पुराने क्लाइंट से आर्थिक लाभ मिल सकता है। आज आपके लिए अनुभव और आत्मविश्वास मिलकर नई संभावनाओं का रास्ता खोल सकते हैं।

### कुंभ



कुंभ राशि वालों के लिए आज का दिन मेहनत का फल देने वाला रहेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को अपनी मेहनत का सकारात्मक परिणाम मिल सकता है और कोई अच्छी खबर प्राप्त हो सकती है। आप अपनी क्षमताओं को और बेहतर बनाने के लिए नई स्किल्स सीखने पर ध्यान देंगे। समाज में किए गए किसी अच्छे कार्य के लिए सम्मान या प्रशंसा मिल सकती है। शाम का समय परिवार के साथ हंसी-खुशी में बीतेगा। किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के सिलसिले में ऑफिसियल यात्रा करनी पड़ सकती है। हालांकि, परिवार की व्यवस्था या जिम्मेदारियों को लेकर थोड़ी नोकझोंक संभव है, जिसे बातचीत से आसानी से संभाला जा सकता है।

### मीन



मीन राशि वालों के लिए आज का दिन कार्यक्षेत्र और पारिवारिक जीवन दोनों में संतुलन लेकर आएगा। फाइनेंस या सेल्स से जुड़े लोगों के लिए पुराना अनुभव आज किसी नए अवसर को हासिल करने में मददगार साबित होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम और आपसी समझ बनी रहेगी। कारोबार से जुड़े जरूरी काम पूरे होंगे, जिससे आप नए कार्यों पर अपना पूरा ध्यान लगा पाएंगे। बच्चों की रचनात्मकता आपको प्रभावित करेगी और उनकी उपलब्धियों से खुशी मिलेगी। जीवनसाथी की अपेक्षाओं को समझने और पूरा करने से रिश्ते में और मधुरता आएगी।

# Aaj Ka Love Rashifal

## आज का लव राशिफल 21 सितंबर: मकर और कुंभ राशि वालों को मिलेगा पार्टनर का साथ, लव लाइफ होगी खुशहाल




**लव राशिफल 21 सितंबर 2026:** सोमवार, 21 सितंबर 2026 को प्यार और रिश्तों के मामले में सितारे क्या कहते हैं? जानिए मेष से मीन तक सभी 12 राशियों की लव लाइफ का हाल। पार्टनर के साथ तालमेल कैसा रहेगा, सिंगल लोगों को कोई खास मिलेगा या नहीं, और शादीशुदा जीवन में क्या रहेगा खास, पढ़िए पूरा प्रेम राशिफल।

**आज का लव राशिफल 21 सितंबर 2026:** नए सप्ताह की शुरुआत हो चुकी है और सोमवार, 21 सितंबर 2026 का दिन प्यार और रिश्तों के लिहाज़ से कई राशियों के लिए खास संकेत लेकर आया है। कहते हैं कि रिश्ते भरोसे, समय और सही शब्दों से मज़बूत होते हैं, और आज का दिन इन्हीं तीनों की अहमियत याद दिलाता है। हिन्दू परंपरा में सोमवार को चंद्र देव का दिन माना जाता है, जिनका संबंध मन और भावनाओं से जोड़ा जाता है। इसलिए आज दिल की बातें कहने और सुनने, दोनों के लिए अच्छा समय माना जा सकता है। क्या आज पार्टनर के साथ कोई पुरानी गलतफहमी दूर होगी? क्या सिंगल लोगों की ज़िंदगी में कोई नया चेहरा दस्तक देगा? और शादीशुदा जोड़ों के लिए आज का दिन कितना मधुर रहेगा? ऐसे ही सवालों के जवाब जानने के लिए पढ़िए मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि का आज का लव राशिफल।

## साप्ताहिक लकी राशिफल: यह सप्ताह इन 4 राशि वालों के लिए रहेगा लकी, करियर में मिलेगी मनचाही सफलता और सम्मान




**Weekly lucky Horoscope 21 to 27 September 2026:** सितंबर का नया सप्ताह शुरू हो चुका है। यह समय 12 राशियों के लिए अलग-अलग संदेश लेकर आया है। इस दौरान कुछ राशि के जातकों को बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

**Weekly Lucky Horoscope 21 to 27 September 2026:** ज्योतिषियों के अनुसार, 21 से 27 सितंबर तक का नया सप्ताह 12 राशियों के लिए अलग-अलग अवसर और बदलाव लेकर आया है। ग्रहों की चाल का असर कुछ राशियों के लिए विशेष रूप से शुभ रहने वाला है। माना जा रहा है कि, इस सप्ताह सूर्य और बुध की युति का प्रभाव रहेगा, वहीं मंगल और गुरु की युति भी कुछ राशियों के भाग्य को चमका सकती है। ऐसे में इन जातकों को करियर में मनचाही सफलता, आर्थिक लाभ और मान-सम्मान मिल सकता है। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

## साल 2027 में शनि की चाल में बड़ा परिवर्तन, इस राशि से खत्म होगी साढ़ेसाती और शुरू होगा अच्छा समय




ज्योतिष में शनि सबसे धीमी चाल से चलने वाले ग्रह होते हैं। यह एक राशि में करीब ढाई वर्षों तक रहते हैं जिसके कारण तीन राशियों पर साढ़ेसाती और दो पर ढैय्या लगती है।

कर्मफलदाता, न्याय और अनुशासन के दाता शनिदेव हर ढाई वर्षों में राशि परिवर्तन करते हैं। शनि ऐसे ग्रह हैं जो काफी लंबे समय तक किसी एक राशि में विराजमान रहते हैं, जिसके कारण इनका राशियों पर शुभ या फिर अशुभ प्रभाव लंबे समय तक बना रहता है। शनि अभी गुरु के स्वामित्व वाली राशि मीन में विराजमान हैं, जो अगले साल 3 जून 2027 को मेष राशि में प्रवेश कर जाएंगे। शनि सभी ग्रहों में एक मात्र ऐसे ग्रह है जिनकी साढ़ेसाती और ढैय्या लगती है। शनि के 3 जून 2027 में मेष राशि में प्रवेश करने से किसी एक राशि पर शनि की साढ़ेसाती का पहला चरण शुरू हो जाएगा और किसी एक पर से साढ़ेसाती खत्म हो जाएगी।

## आज का अंक ज्योतिष: मूलांक 2 और 5 वाले रखें कारोबार में सावधानी, पढ़ें दैनिक अंक ज्योतिष

**अंक ज्योतिष 21 सितंबर 2026:** सोमवार, 21 सितंबर 2026 की तारीख का मूलांक 3 बनता है, जो नई शुरुआत और आत्मविश्वास का संकेत माना जाता है। जानिए मूलांक 1 से 9 तक सभी के लिए करियर, धन, प्रेम और स्वास्थ्य के लिहाज़ से कैसा रहेगा आज का दिन, साथ ही शुभ अंक और शुभ रंग।

**आज का अंक ज्योतिष 21 सितंबर 2026:** अंकों की अपनी एक भाषा होती है, और हर दिन उस भाषा में एक नया संदेश लेकर आता है। सोमवार, 21 सितंबर 2026 की तारीख का मूलांक 3 बनता है, जिसे अंक ज्योतिष में गुरु ग्रह से जोड़ा जाता है और ज्ञान, उत्साह और आगे बढ़ने की भावना का प्रतीक माना जाता है। सोमवार पर चंद्रमा का प्रभाव माना जाता है इसलिए आज मन की शांति और भावनाओं का संतुलन भी उतना ही ज़रूरी रहेगा। तो क्या आज करियर में कोई नया मोड़ आएगा? क्या पैसों के मामले में राहत मिलेगी, या रिश्तों में कोई पुरानी उलझन सुलझेगी? इन सवालों का इशारा आपके अपने मूलांक में छिपा है।




अपनी जन्म तारीख का मूलांक जानिए (जैसे 12 तारीख को जन्मे लोगों का मूलांक 1+2=3 होगा) और पढ़िए मूलांक 1 से 9 तक का आज का भविष्यफल, शुभ अंक, शुभ रंग और दिन को बेहतर बनाने के आसान उपाय।

**अंक 1**

आज घर की कोई पुरानी उलझन सुलझ सकती है, जिससे मन का बोझ हल्का होगा। तनाव घटने से आप अपने निजी कामों और ज़रूरी योजनाओं को समय दे पाएँगे। आमदनी बढ़ाने के लिए कुछ नई योजनाएँ बन सकती हैं। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बातचीत शुरू होने के संकेत हैं, जिससे घर का माहौल खुशनुमा रहेगा।

**शुभ अंक- 5**

**शुभ रंग- क्रीम**

# रोहित-विराट की जरूरत नहीं?

## पूर्व भारतीय दिग्गज के बयान से मची हलचल विश्व कप को लेकर कही बड़ी बात




रोहित शर्मा और विराट कोहली के 2027 वनडे विश्व कप में खेलने को लेकर चर्चा जारी है। इसी बीच पूर्व भारतीय ऑलराउंडर संदीप पाटिल ने टीम की मजबूत बेंच स्ट्रेंथ का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों में से कोई टीम में हो या नहीं, भारत को परेशानी नहीं होगी। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों के भविष्य को फिटनेस, इच्छा और चयनकर्ताओं की रणनीति से जोड़ा। भारत के दो दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली के वनडे भविष्य को लेकर लगातार चर्चा हो रही है। 2027 वनडे विश्व कप में अब करीब एक साल का समय बचा है और टूर्नामेंट शुरू होने तक रोहित 40 जबकि विराट 39 साल के हो जाएंगे। ऐसे में दोनों के विश्व कप में खेलने को लेकर सवाल बने हुए हैं। इसी बीच पूर्व भारतीय ऑलराउंडर संदीप पाटिल ने टीम की बेंच स्ट्रेंथ का जिक्र करते हुए बड़ा बयान दिया है। उनका कहना है कि अगर भविष्य में रोहित और विराट टीम का हिस्सा नहीं रहते हैं, तो भी भारतीय टीम के सामने बड़ी समस्या नहीं होगी। पाटिल ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों का भविष्य कई चीजों पर निर्भर करेगा। इनमें उनकी खुद खेलने की इच्छा, फिटनेस और चयनकर्ताओं की रणनीति शामिल है। उन्होंने कहा, 'यह इन दोनों खिलाड़ियों पर निर्भर करता है। क्या वे खेलना जारी रखना चाहेंगे? क्या वे अपनी फिटनेस बनाए रख पाएंगे? चयनकर्ताओं की रणनीति क्या है? क्या चयनकर्ता भविष्य को ध्यान में रखकर आगे बढ़ रहे हैं? मौजूदा खिलाड़ियों के साथ हमें हमेशा यह भी देखना होगा कि अगर इन खिलाड़ियों को टीम से बाहर करने का समय आता है तो क्या हमारे पास उनकी जगह लेने के लिए कोई मजबूत खिलाड़ी है।' पाटिल ने आगे कहा, 'भारतीय टीम की बेंच स्ट्रेंथ को देखते हुए, जिसके बारे में मैंने अभी बात की, मुझे नहीं लगता कि कोई समस्या होगी, चाहे विराट या रोहित टीम में हों या नहीं।' हालांकि, पाटिल ने रोहित और विराट के योगदान की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि दोनों लंबे समय से भारतीय क्रिकेट का हिस्सा रहे हैं और उन्हें दिग्गजों के रूप में याद किया जाएगा। पाटिल ने कहा, 'ये दोनों खिलाड़ी कई वर्षों से टीम के साथ हैं और उन्हें लीजेंड के तौर पर देखा जाएगा। रोहित शर्मा सफेद गेंद के क्रिकेट में शानदार खिलाड़ी रहे हैं। जहां तक विराट की बात है, उनके बारे में मैं जितना कहूं, उतना ही कम होगा।' फिलहाल रोहित और विराट के वनडे भविष्य पर अंतिम फैसला नहीं हुआ है। दोनों को वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। शुभमन गिल कप्तान और केएल राहुल उपकप्तान हैं। वनडे सीरीज 27 सितंबर से शुरू होगी। इस टीम चयन के साथ रोहित और विराट के पास 2027 विश्व कप की तैयारियों के बीच वनडे क्रिकेट में अपनी जगह बनाए रखने का एक और मौका होगा।

# रोहित-कोहली को मिला जयसूर्या का साथ:

## पूर्व कप्तान ने विश्व कप में खेलने का किया समर्थनबताया क्यों है जरूरी



सनथ जयसूर्या ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के 2027 वनडे विश्व कप में खेलने का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि दोनों दिग्गजों का अनुभव युवा खिलाड़ियों के लिए काफी उपयोगी होगा और टीम में युवा व अनुभवी खिलाड़ियों का संतुलन अच्छा है। श्रीलंका के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर सनथ जयसूर्या ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के 2027 वनडे विश्व कप में खेलने की उम्मीद का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण होना फायदेमंद है। युवा खिलाड़ियों को रोहित और विराट जैसे अनुभवी खिलाड़ियों से काफी कुछ सीखने को मिल सकता है। गुरुग्राम में कॉरपोरेट क्रिकेट विश्व कप के लॉन्च कार्यक्रम से इतर समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में जयसूर्या ने कहा कि टीम में वरिष्ठ खिलाड़ियों की मौजूदगी भविष्य के विश्व कप के लिए अच्छा मिश्रण तैयार करती है। उन्होंने कहा कि अनुभवी खिलाड़ियों से युवा क्रिकेटरों को काफी कुछ सीखने का मौका मिलता है। जयसूर्या के मुताबिक, भारतीय टीम में युवा खिलाड़ियों के साथ रोहित और विराट जैसे अनुभवी क्रिकेटरों का होना भविष्य के विश्व कप के लिए उपयोगी साबित हो सकता है। रोहित शर्मा और विराट कोहली ने पिछले साल मई में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था। दोनों ने भारत के 2024 टी20 विश्व कप जीतने के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को भी अलविदा कह दिया था। अब दोनों खिलाड़ी वनडे क्रिकेट तक सीमित हैं। वनडे क्रिकेट के कम होते मुकाबलों के बीच रोहित और विराट के 2027 विश्व कप में खेलने को लेकर चर्चा बनी हुई है। इसी सवाल पर जयसूर्या ने दोनों दिग्गजों के अनुभव को भारतीय टीम के लिए अहम बताया।

विश्व कप में रोहित का शानदार रिकॉर्ड

- रोहित शर्मा 2015 से 2023 तक तीन वनडे विश्व कप में भारत का हिस्सा रहे हैं।
- 2019 विश्व कप में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए नौ मैचों में 648 रन बनाए थे।
- इस दौरान उनके बल्ले से पांच शतक और एक अर्धशतक निकला था।
- विश्व कप में रोहित ने अब तक 28 मैचों में 1,575 रन बनाए हैं। उनका औसत 60.57 का रहा है और उनके नाम सात शतक व छह अर्धशतक हैं।
- वनडे क्रिकेट में भी रोहित भारत के प्रमुख रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शामिल हैं।
- उन्होंने 288 मैचों की 280 पारियों में 11,895 रन बनाए हैं। उनके नाम 34 शतक और 62 अर्धशतक हैं

विराट कोहली विश्व कप इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 37 मैचों में 1,795 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 59.83 रहा है और उन्होंने पांच शतक व 12 अर्धशतक लगाए हैं। वनडे में विराट ने 314 मैचों की 302 पारियों में 14,941 रन बनाए हैं।उनका औसत 58.59 है। उनके नाम 54 शतक और 79 अर्धशतक दर्ज हैं।सफल रन चेज में भी विराट का रिकॉर्ड शानदार रहा है।

# वैभव सूर्यवंशी: भारत की युवा सनसनी को श्रीलंका के इस पूर्व कप्तान ने सराहा भारतीय क्रिकेट का भविष्य बताया



श्रीलंका के पूर्व कप्तान सनथ जयसूर्या ने भारतीय बल्लेबाजी सनसनी वैभव सूर्यवंशी को जमकर सराहा है। जयसूर्या ने वैभव को भारतीय क्रिकेट का भविष्य बताया है। श्रीलंका के पूर्व कप्तान सनत जयसूर्या ने भारत के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की जमकर तारीफ करते हुए रविवार को उन्हें अलग तरह की प्रतिभा करार दिया। उन्होंने कहा कि इस किशोर खिलाड़ी को भारतीय प्लेइंग-11 में शामिल करने में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। सूर्यवंशी हाल में अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए भारतीय टीम का हिस्सा थे, लेकिन टीम प्रबंधन ने पारी की शुरुआत के लिए नियमित जोड़ी संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा पर ही भरोसा कायम रखा। 1996 विश्व कप में श्रीलंका के स्टार प्रदर्शनकर्ताओं में शामिल रहे जयसूर्या ने कहा, वैभव अलग तरह की प्रतिभा है। मुझे लगता है कि वह भारत का भविष्य हैं। उनके पास काफी समय है। इसलिए उन्हें अच्छा प्रदर्शन करने का मौका दीजिए और वह जरूर अच्छा करेंगे। सूर्यवंशी में मिले मौकों को भुनाने की पूरी क्षमता है।मौके मिलेंगे। वह किस स्थान पर खेलेंगे, यह मैं नहीं कह सकता, यह परिस्थितियों पर निर्भर करता है। लेकिन जब उन्हें मौका मिलेगा, वह उसे जरूर भुनाएंगे। इसलिए इंतजार करते हैं और देखते हैं।

# Asian Games 2026 Live: एशियाड में भारत को दूसरा पदक, इलावेनिल ने दिलाया दूसरा रजत; कितने अंतर से चूकीं?



नमस्कार! अमर उजाला के लाइव ब्लॉग में आपका स्वागत है। एशियन गेम्स 2026 में भारत के लिए पहला दिन बेहद व्यस्त रहने वाला है। कई खेलों में पदक मुकाबले होंगे। भारतीय महिला क्रिकेट टीम सेमीफाइनल में बांग्लादेश के खिलाफ उतरेगी। जीत के साथ हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम कम से कम रजत पदक पक्का कर लेगी। वहीं, शूटिंग और वुशू समेत कई खेलों में भारतीय खिलाड़ी पदक की दावेदारी पेश कर रहे हैं।

भारत की स्टार शूटर इलावेनिल वलारिवन स्वर्ण पदक से चूक गईं। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत स्पर्धा में इलावेनिल ने 252.4 के स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया और रजत पर कब्जा किया। वह 0.6 पॉइंट से स्वर्ण चूक गईं। आखिरी तीन शॉट में वह जापान की शूटर हिनाता ताइची से पीछे आ गईं, वरना शुरू से वह शीर्ष पर चल रही थीं। हिनाता ने 253.0 के स्कोर के साथ स्वर्ण अपने नाम किया। वहीं, दक्षिण कोरिया की हियोजिन बान ने 230.4 के स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। यह भारत का एशियन गेम्स 2026 में दूसरा पदक है। वहीं, इलावेनिल का भी यह इस एशियाड में दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल महिला टीम स्पर्धा में सोनम मस्कर और विदर्सा के साथ रजत जीता था। सोनम महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत स्पर्धा में छठे स्थान पर रहीं।

इलावेनिल वलारिवन महिला 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। 17 शॉट के बाद उनके 190.3 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर मौजूद हिनाता ताइची से एक अंक से अधिक आगे हैं। फिलहाल इलावेनिल स्वर्ण पदक की मजबूत दावेदार बनी हुई हैं। अगर वह स्वर्ण जीतती हैं तो यह एशियन गेम्स 2026 में भारत का पहला स्वर्ण पदक होगा। साथ ही, यह प्रतियोगिता में इलावेनिल का पहला स्वर्ण होगा। वह तीसरी बार एशियन गेम्स में हिस्सा ले रही हैं।

# क्या टेस्ट के लिए तैयार नहीं हैं वैभव सूर्यवंशी?: इंग्लैंड के इस दिग्गज ने तकनीक पर उठाए सवाल; जानें क्या कहा



वैभव सूर्यवंशी ने कम उम्र में टी20 क्रिकेट में अपनी पहचान बना ली है, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में उनके भविष्य को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर ने उनकी तकनीक पर सवाल खड़े किए हैं। वहीं माइकल क्लार्क ने विराट कोहली और एबी डिविलियर्स का उदाहरण देते हुए वैभव का समर्थन किया।

भारतीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अब तक अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में उनका प्रदर्शन साधारण रहा था। उन्होंने तीन मैचों में 14, 13 और 15 रन बनाए थे। इसके बाद जिम्बाब्वे दौरे पर उन्होंने शानदार वापसी की और प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार जीता। तीन मैचों में वैभव ने 151 रन बनाए, जिसमें दो अर्धशतक शामिल थे। इसके साथ उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी सफेद गेंद की क्षमता का मजबूत संकेत दिया।

टी20 में वैभव के प्रदर्शन को लेकर भले ही चर्चा हो रही हो, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में उनके भविष्य को लेकर पूर्व खिलाड़ियों की राय अलग-अलग है। वैभव ने अभी तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लाल गेंद से क्रिकेट नहीं खेला है। इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर का मानना है कि वैभव के लिए टेस्ट क्रिकेट में सफल होना आसान नहीं होगा। उन्होंने उनकी बल्लेबाजी तकनीक को लेकर सवाल उठाए।

पनेसर ने बियॉन्ड 23 क्रिकेट पॉडकास्ट पर कहा, 'मैं वैभव सूर्यवंशी को टेस्ट क्रिकेट में बदलाव करते हुए नहीं देख सकता। इस समय हैरी ब्रूक ही ऐसे खिलाड़ी हैं, जो टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय दोनों में शीर्ष 10 में हैं। लेकिन मुझे नहीं लगता कि सूर्यवंशी के पास जरूरी तकनीक है।'



हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क वैभव को लेकर पनेसर से अलग राय रखते हैं। उन्होंने कहा कि एक खिलाड़ी तीनों प्रारूपों में सफल हो सकता है और इसके उदाहरण विराट कोहली और एबी डिविलियर्स हैं। क्लार्क ने कहा, 'मुझे लगता है कि आप तीनों प्रारूप खेल सकते हैं। विराट कोहली और एबी डिविलियर्स ने यह दिखाया है। वे शानदार टेस्ट क्रिकेटर और बेहतरीन टी20 क्रिकेटर भी थे। अगर इस पीढ़ी का कोई खिलाड़ी, जैसे सूर्यवंशी, टेस्ट क्रिकेट में बदलाव कर पाता है तो उसे देखना शानदार होगा। हालांकि, वह टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता है या नहीं, यह भी एक सवाल होगा।'

वैभव ने पिछले महीने ईस्ट जोन की ओर से सेंट्रल जोन के खिलाफ दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में लाल गेंद के क्रिकेट में अपनी क्षमता की झलक दिखाई थी। 15 साल 157 दिन की उम्र में उन्होंने टूर्नामेंट के इतिहास में अर्धशतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बनने का रिकॉर्ड बनाया। वैभव शतक के भी करीब पहुंच गए थे, लेकिन वह इस उपलब्धि से महज आठ रन दूर रह गए। इस प्रदर्शन ने टेस्ट क्रिकेट में उनकी संभावनाओं को लेकर चर्चा को और बढ़ा दिया है।

लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।
आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।
– सम्पादक

R.N.I. No.
UPHIN/25/A4228
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक
निर्भय कुमार सेंगर
के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से
छपकर,
बी-9, गायत्री भवन,
विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,
रामघाट रोड, अलीगढ़
(उ.प्र.) से प्रकाशित।
मो. 9454428661
प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)
Email:planetnewsindia776
@gmail.com

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT

+91-7088120300
















